{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
सोमवार 20 अप्रैल 2026
वैशाख शुक्ल 03 विक्रम सम्वत 2083
वर्ष 16, अंक 205
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## खास खबर

### चीन के बाहर दुनिया की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी बनी अल्ट्राटेक

मुंबई। आदित्य बिड़ला समूह की फ्लैगशिप कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने 205.5 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) की उत्पादन क्षमता हासिल कर चीन के बाहर दुनिया की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी बनने का दावा किया है। कंपनी ने हाल ही में यूपी, झारखंड और आंध्र प्रदेश में नई ग्राइंडिंग यूनिट्स शुरू की हैं, जिससे कुल क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने इस उपलब्धि को कंपनी के विस्तार और बुनियादी ढांचा विकास के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि कंपनी 16,000 करोड़ रुपये के नए निवेश के साथ वित्त वर्ष 2028 तक उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 240 एमटीपीए करने का लक्ष्य रख रही है। अल्ट्राटेक ने पिछले कुछ वर्षों में तेजी से विस्तार करते हुए बाजार में अपनी मजबूत स्थिति बनाई है, जिससे भारतीय सीमेंट उद्योग को नई दिशा मिली है।

### पुलिस डिप्टी कमिश्नर के ठिकानों पर छापा

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय ने रविवार को कोलकाता पुलिस के डिप्टी कमिश्नर शांतनु सिन्हा बिस्वास और एक अन्य व्यक्ति के ठिकानों पर छापा मारा। यह कार्रवाई चुनाव वाले राज्य में एक अपराधी और उससे जुड़े सिंडिकेट के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत की गई है। बिस्वास के दो ठिकानों जिनमें बालीगंज इलाके में स्थित उनका घर भी शामिल है और सन एंटरप्राइज नाम की कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर जॉय कामदार के एक ठिकाने पर मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत छापे मारे गए हैं। यह कार्रवाई बिस्वजीत पोद्दार उर्फ सोना पप्पू नाम के एक स्थानीय अपराधी के खिलाफ चल रहे मनी लॉन्ड्रिंग के मामले से जुड़ी है। इस अपराधी पर हत्या की कोशिश और रंगदारी मांगने के आरोपों में कई मामले दर्ज हैं।

### एयरपोर्ट से दो अमेरिकी नागरिक हिरासत में

श्रीनगर। श्रीनगर एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच के दौरान दो अमेरिकी नागरिकों को हिरासत में लिया गया। उनके सामान की जांच में एक गार्मिन सैटेलाइट फोन मिला। पहले एयरपोर्ट सिक्योरिटी ने उनसे पूछताछ की और फिर उन्हें पुलिस को सौंप दिया गया। जिसके बैग से फोन मिला उसका नाम जेफरी स्कॉट है और वो अमेरिका के मोंटाना राज्य का रहने वाला है। एयरपोर्ट पर रूटीन सिक्योरिटी चेक के दौरान जब इन दोनों अमेरिकी नागरिकों का सामान स्कैन किया गया तो एक बैग में गार्मिन कंपनी का सैटेलाइट फोन मिला।

### कुछ ना कहना




### महिला आरक्षण पर देशभर में जमकर सियासत, भाजपा ने चुनावी राज्यों में बनाया बड़ा मुद्दा

# नारी शक्ति का प्रण, बंगाल-तमिलनाडु में रण

## पार्टी को उम्मीद मिलेगा फायदा।।। चुनावी सभाओं में पीएम मोदी-शाह ने विपक्ष पर बोला हमला, ममता-अखिलेश का पलटवार

नई दिल्ली/कोलकाता/चेन्नई। लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक से जुड़ा संशोधन पास नहीं हो पाया। इसके बाद देश में राजनीति माहौल गरमा गया है। जहां देशभर में भाजपा और विपक्ष एक-दूसरे पर हमलावर हैं, वहीं प.बंगाल और तमिलनाडु के चुनावी मैदान में महिला आरक्षण का मुद्दा छाया हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित पूरी भाजपा विपक्ष को महिला विरोधी बताते हुए महिलाओं को आकर्षित करने में जुटी हुई है। दरअसल, पूर्व के चुनावों में भाजपा ने जिस तरह नैरेटिव बनाकर जीत हासिल किया है, उसी तर्ज पर प.बंगाल और तमिलनाडु में महिला आरक्षण को भुनाने की कोशिश की जा रही है। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगाल में अपनी हर सभा में ममता बनर्जी और विपक्ष पर हमला किया। वहीं तमिलनाडु में गृह मंत्री अमित शाह ने डीएमके पर जोरदार हमला किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा विपक्ष पर हमलावर है। पीएम मोदी ने संशोधन के ना पास होने के लिए मुख्य तौर पर कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके और समाजवादी पार्टी को जिम्मेदार ठहराया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रविवार को बंगाल के बांकुरा में बड़ी जनसभा थी और उसमें उन्होंने टीएमसी पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आपने देखा संसद में क्या हुआ? उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकार वाले विधेयक को विपक्ष ने गिरा दिया।



### पीएम ने ममता सरकार को बताया निर्मम

पीएम मोदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े संशोधन को गिराना टीएमसी और कांग्रेस की सोची समझी चाल है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की महिलाओं के साथ टीएमसी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विश्वासघात किया है। पीएम मोदी ने बंगाल की ममता सरकार को निर्मम बताया और कहा कि यहां पर जो जनसमर्थन दिख रहा है, वह सरकार के खिलाफ गुस्से का संकेत है। महिला आरक्षण का जिक्र कर पीएम मोदी ने कहा महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने की लंबे समय से मांग थी, जिसे सरकार ने पूरा किया लेकिन टीएमसी और कांग्रेस नहीं चाहती कि महिलाएं अधिक संख्या में विधायक और सांसद बने क्योंकि यहां पर महिलाएं उनके जंगलराज को चुनौती दे रही हैं। पीएम मोदी ने बंगाल में महिलाओं के लिए बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अगर यहां पर भाजपा की सरकार बनी तो महिलाओं को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा और अगर परिवार में किसी को किडनी की बीमारी है तो उन्हें मुफ्त डायलिसिस मिलेगा और एक भी रुपये का खर्च नहीं आएगा। पीएम मोदी ने आगे कहा कि बंगाल की बहनों को हर साल 36 हजार रुपये मिलेंगे और गर्भवती महिलाओं को 21 हजार और बेटियों की पढ़ाई के लिए 5 हजार रुपये मिलेंगे।

### ममता ने पीएम मोदी पर किया पलटवार

हालांकि पीएम मोदी के बयान के बाद बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पलटवार किया और पीएम मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रधानमंत्री ने देश को ईमानदारी से संबोधित करने के बजाय गुमराह करना चुना। मैं यह बात रिकॉर्ड पर रखना चाहती हूं। तृणमूल कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं के लिए ज्यादा राजनीतिक प्रतिनिधित्व की वकालत की है। संसद और राज्य विधानसभा, दोनों में हमारे चुने हुए महिला प्रतिनिधियों का अनुपात सबसे ज्यादा है। लोकसभा में हमारे चुने हुए सदस्यों में से 37।9 प्रतिशत महिलाएं हैं। राज्यसभा में हमने 46 प्रतिशत महिला सदस्यों को नामित किया है। महिला आरक्षण का विरोध करने का सवाल ही नहीं उठता और न कभी उठा है। ममता बनर्जी ने कहा कि हम जिस बात का मूल रूप से विरोध करते हैं, वह है परिसीमन की प्रक्रिया, जिसे मोदी सरकार अपने निहित राजनीतिक एजेंडे के लिए महिलाओं को ढाल बनाकर थोपने की साजिश रच रही थी।



### अखिलेश यादव ने लगाया तुष्टीकरण का आरोप

महिला आरक्षण विधेयक पर समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि भाजपा की राजनीति का यह काला दस्तावेज था जिसे विपक्ष ने विफल कर दिया। अखिलेश ने कहा कि महिला आरक्षण पर बीजेपी की हार हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं की एकता में दरार डालकर जनता को ठगना चाहती है। अखिलेश यादव ने कहा कि यह बिल लगभग 95 फीसदी पीडीए महिलाओं के खिलाफ लाया गया था। अखिलेश यादव ने जोर दिया कि पहले जनगणना कराई जाए और फिर परिसीमन होना चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि मोदी सरकार महिला सशक्तिकरण नहीं बल्कि महिला तुष्टीकरण करना चाहती है।

### महिलाओं को न्याय दिलाएगी सरकार- शाह

तमिलनाडु के इरोड में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महिला आरक्षण को लेकर कांग्रेस और डीएमके पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि इन पार्टियों ने लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन बिल का विरोध करके देश की महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दलों की वजह से संसद और विधानसभा में महिलाओं को उनका हक मिलने में देरी हो रही है। अमित शाह ने भरोसा दिलाया कि नरेंद्र मोदी की सरकार इस साजिश को सफल नहीं होने देगी और महिलाओं को न्याय जरूर दिलाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं को राजनीति में ज्यादा भागीदारी दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



## तमिलनाडु के विरुधुनगर में पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, 16 लोगों की मौत

### -राहत-बचाव कार्य जारी, मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका

चैन्नई,। तमिलनाडु के विरुधुनगर जिला में स्थित एक पटाखा निर्माण इकाई में भीषण विस्फोट होने की घटना सामने आई है। इस दुर्घटना में अब तक 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 लोग गंभीर घायल होने के साथ ही कई अन्य के घायल होने की खबर है। फैक्ट्री में 30 लोगों के मौजूद होने की बात कही जा रही है, इससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका भी जाहिर की गई है। हादसे के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल है और राहत एवं बचाव कार्य तेजी से जारी हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार विस्फोट इतना जोरदार था कि फैक्ट्री का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। फिलहाल 16 लोगों के मृत होने की बात कही जा रही है, जबकि 6 गंभीर घायल बताए गए हैं। फैक्ट्री में दुर्घटना के समय 30 लोगों के होने की बात सामने आ रही है। विस्फोट के बाद सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और मलबा हटाने और घायलों को बाहर निकालने में जुट गईं। अधिकारियों का कहना है कि मलबे में और लोगों के दबे होने की आशंका है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।



### सीएम स्टालिन ने जताया दुख

इस घटना पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि कट्टानापट्टी क्षेत्र में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट की खबर से उन्हें गहरा दुख हुआ है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी के निर्देश

मुख्यमंत्री स्टालिन ने संबंधित मंत्रियों के.के.एस.एस.आर. रामचंद्रन और थंगम थेन्नारासु को तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जिला प्रशासन को सभी आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया गया है। हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश भी दिए गए हैं।

### डिजिटल जनगणना में बड़ी चूक... अधिकारियों ने मैपिंग सिस्टम पर उठाए सवाल

## पोर्टल पर अरुणाचल की जगह चीन का नाम

नई दिल्ली। देश में पहली बार डिजिटल जनगणना की तैयारी के बीच एक बड़ी तकनीकी गलती ने विवाद खड़ा कर दिया है। अरुणाचल प्रदेश के पासीघाट शहर को जनगणना के सेल्फ-एन्यूमरेशन पोर्टल पर चीन के शहर मेडोग के नाम से दिखाया गया। इस घटना के सामने आने के बाद लोगों में नाराजगी फैल गई और इसे देश की संप्रभुता से जोड़कर देखा जाने लगा। यह मामला तब सामने आया जब रिटायर्ड वायुसेना अधिकारी मोहोंतो पांगिंग पाओ ने इस गलती को सोशल मीडिया पर साझा किया। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर पासीघाट की लोकेशन गलत दिख रही थी, जिससे वह अपनी प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए। उनके पोस्ट के बाद यह मुद्दा तेजी से वायरल हो गया और कई लोगों ने सरकार से तुरंत कार्रवाई की मांग की।

पोर्टल पर अरुणाचल प्रदेश के पासीघाट को मेडोग दिखाया गया, जो चीन के नियंत्रण वाले क्षेत्र में आता है। यह वही इलाका है जिसे लेकर चीन बार-बार दावा करता रहा है। ऐसे में इस गलती को सिर्फ तकनीकी नहीं, बल्कि संवेदनशील मुद्दा माना गया और लोगों ने इसे वर्चुअल तरीके से जमीन छोड़ने जैसा बताया। मामला सामने आने के कुछ ही घंटों में जनगणना अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लिया। रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त कार्यालय ने बताया कि यह समस्या मैप सेवा देने वाली कंपनी के साथ समन्वय करके उसी दिन ठीक कर दी गई। सरकार ने स्पष्ट किया कि यह केवल एक तकनीकी मैपिंग एरर थी।

### चीन के दावे से जुड़ा है यह मामला

चीन लंबे समय से अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों पर दावा करता रहा है और कई जगहों के नाम बदलने की कोशिश भी करता है। भारत सरकार ने हमेशा इन दावों को खारिज किया है और साफ कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है। ऐसे में इस तरह की गलती ने संवेदनशीलता और बढ़ा दी।

## अगरकर का कार्यकाल बढ़ा

### 2027 वनडे वर्ल्डकप तक टीम चुनेंगे

मुंबई। बीसीसीआई ने चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर का कार्यकाल एक साल बढ़ा दिया है। अब वे 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप तक इस पद पर बने रहेंगे। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अगरकर का कार्यकाल रिन्यू किया गया है, एक्सटेंड नहीं। वे अपनी परफॉर्मेंस के आधार पर चौथे साल के लिए पद पर बने रहेंगे। बीसीसीआई के नियमों के मुताबिक, सिलेक्टर अधिकतम चार साल तक पद पर रह सकता है। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया था कि अगरकर ने खुद बीसीसीआई से अपना कार्यकाल 2027 वनडे वर्ल्ड कप बढ़ाने की मांग की थी। बोर्ड ने 2023 में दो साल के लिए अगरकर को चीफ सिलेक्टर बनाया था। 2025 में उन्हें पहले ही एक साल का एक्सटेंशन मिल चुका था। अब उनका कार्यकाल 2027 तक के लिए रिन्यू किया जा रहा है। इस तरह अगरकर कुल चार साल चीफ सिलेक्टर रहेंगे। अजित अगरकर का अब तक का कार्यकाल बेहद सफल रहा। अक्टूबर 2023 से मार्च 2026 के बीच उनके द्वारा चुनी गई भारतीय टीमों ने चार आईसीसी टूर्नामेंट्स के फाइनल में जगह बनाई। इनमें से भारत ने तीन खिताब अपने नाम किए। 2024 और 2026 में दो टी-20 वर्ल्ड कप और 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी। इसके अलावा, टीम इंडिया 2023 के वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में भी पहुंची थी, जहां उसे ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

### बांग्लादेश सरकार ने पेट्रोल - डीजल की खुदरा कीमतों में 10 प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी का ऐलान किया

नई दिल्ली। मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष और सात हफ्तों से चल रहे ईरान युद्ध का असर अब दक्षिण एशियाई देशों की जेब पर पड़ने लगा है। बांग्लादेश सरकार ने शनिवार देर रात पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में 10 प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक की भारी बढ़ोतरी का ऐलान किया है। नई दरों के अनुसार, पेट्रोल 135 टका, डीजल 115 टका और केरोसिन 130 टका प्रति लीटर बिकेगा। पेट्रोलियम, ऊर्जा और खनिज संसाधन मंत्रालय ने बढ़ते आयात खर्च, फ्रेट/बीमा लागत और पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान को कारण बताया है।

## टाटा ट्रस्ट का बड़ा फैसला, कानूनी बदलाव की तैयारी

### गैर-पारसियों के ट्रस्टी बनने पर लगी रोक हटेगी

नई दिल्ली। टाटा साम्राज्य की परोपकारी संस्था टाटा ट्रस्ट ने रविवार को एक दूरगामी फैसला लिया है। ट्रस्ट ने बाई हीराबाई जमशेदजी टाटा नवसारी चैरिटेबल इंस्टीट्यूशन (बाई हीराबाई ट्रस्ट) के ट्रस्टी बनने की पात्रता शर्तों में मौजूद भेदभावपूर्ण नियमों को बदलने के लिए कानूनी प्रक्रिया शुरू करने का एलान किया है। इसमें सबसे प्रमुख मुद्दा गैर-पारसी व्यक्तियों के ट्रस्टी बनने पर लगी पाबंदी को हटाना है।

दरअसल, कुछ दिनों पहले टाटा ट्रस्ट के पूर्व ट्रस्टी मेहली मिस्त्री ने महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर के पास एक शिकायत दर्ज कराई थी। मिस्त्री ने दिग्गज उद्योगपति वेणु श्रीनिवासन और पूर्व रक्षा सचिव विजय सिंह की बाई हीराबाई ट्रस्ट के बोर्ड में नियुक्ति को अवैध बताया था। उनका तर्क था कि ट्रस्ट की मूल अनुबंध के अनुसार, ट्रस्टी का पारसी जोरास्ट्रियन होना और मुंबई का निवासी होना अनिवार्य है, जबकि ये दोनों इन शर्तों को पूरा नहीं करते।

### बोर्ड मीटिंग में लिया गया बड़ा फैसला

विवाद बढ़ता देख 17 अप्रैल 2026 को टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक हुई। बैठक में ट्रस्टियों ने कहा कि टाटा समूह की नींव समावेशी और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों पर टिकी है। ट्रस्ट ने बयान जारी कर कहा, ट्रस्ट डीड की विसंगतियों को दूर करने और इसे टाटा ट्रस्ट्स के आदर्शों के अनुरूप बनाने के लिए, ट्रस्टियों ने उचित प्राधिकारी के समक्ष प्रतिबंधात्मक धाराओं में बदलाव की कार्यवाही अपनाने का निर्णय लिया है।

### 1923 की डीड बनाम 1916 की वसीयत

टाटा ट्रस्ट का कहना है कि बाई हीराबाई ट्रस्ट का निर्माण 1916 में सर रतन टाटा की वसीयत के तहत हुआ था, जिसमें धर्म या जाति के आधार पर ऐसी कोई पाबंदी नहीं थी। हालांकि, 1923 में तत्कालीन ट्रस्टियों की ओर से बनाई गई डीड में ये प्रतिबंध जोड़ दिए गए थे। ट्रस्ट का तर्क है कि वे केवल मूल संस्थापक की इच्छा को बहाल कर रहे हैं।

### इस्तीफे और आंतरिक हलचल

इस विवाद के बीच वेणु श्रीनिवासन पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं। चर्चा है कि उन्होंने ट्रस्ट के सीईओ सिद्धार्थ शर्मा के कहने पर पद छोड़ा, जिससे विवाद को विराम दिया जा सके। हालांकि, बोर्ड ने सीईओ सिद्धार्थ शर्मा के काम पर पूरा भरोसा जताया है। दूसरी ओर, मेहली मिस्त्री के करीबियों का कहना है कि ट्रस्ट की ओर से नियमों में बदलाव की कोशिश ही इस बात का सबूत है कि अब तक जो नियुक्तियां हुईं, वे नियमों के खिलाफ थीं। अब गेंद चैरिटी कमिश्नर के पाले में है।

## मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की तैयारी में विपक्ष

### दोबारा नोटिस देने की तैयार, अब 200 सांसदों का समर्थन जुटाएंगे

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए विपक्ष एक बार फिर कोशिश में जुटा है। सूत्रों के अनुसार, कई विपक्षी दलों के नेता आपस में बातचीत कर रहे हैं। करीब पांच सीनियर लीडर एक नए नोटिस का मसौदा तैयार करने पर काम कर रहे हैं, ताकि हटाने की कार्यवाही शुरू की जा सके। इससे पहले मार्च में विपक्ष ने ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए संसद में नोटिस दिया था। हालांकि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा सभापति सीपी राधाकृष्णन ने इन नोटिसों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लगाए गए आरोप उन्हें टाने के लिए आवश्यक उच्च संवैधानिक मानदंडों को पूरा नहीं करते।



नए नोटिस में विपक्ष कम से कम 200 सांसदों का समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहा है। इसकी बड़ी वजह हाल ही में लोकसभा में गिरा महिला आरक्षण संशोधन बिल है। लोकसभा में शुक्रवार को संविधान में 131वां संशोधन बिल वोटिंग के बाद गिर गया। बिल के खिलाफ 230 सांसदों ने वोट डाला था। लोकसभा में चुनाव आयुक्त को हटाने के प्रस्ताव के लिए कम से कम 100 सांसदों के हस्ताक्षर जरूरी होते हैं। राज्यसभा में इसके लिए कम से कम 50 सांसदों के हस्ताक्षर जरूरी होते हैं।

कानून के अनुसार प्रस्ताव मंजूर होने पर ही जांच समिति

मुख्य चुनाव आयुक्त को उसी तरीके से हटाया जा सकता है जैसे सुप्रीम कोर्ट के जज को हटाया जाता है। अन्य चुनाव आयुक्तों को हटाने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त की सिफारिश जरूरी होती है। जजेज (इन्क्वायरी) एक्ट 1968 के अनुसार, अगर दोनों सदनों में एक ही दिन नोटिस दिया जाता है, तो जांच समिति तभी बनेगी जब दोनों सदनों में प्रस्ताव स्वीकार कर लिया जाएगा। इसके बाद लोकसभा स्पीकर और राज्यसभा चेयरमैन मिलकर एक संयुक्त जांच समिति बनाएंगे।

# सहानुभूति का स्क्रिप्टेड संग्राम

हिसार की सड़कों पर जो कुछ हुआ, वह एक साधारण टकराव भर नहीं था; वह हमारे समय की राजनीति की जटिलताओं का एक जीवंत दृश्य था, जिसमें भावनाएं, सत्ता, पुलिसिया रवैया और जनमानस—सब एक साथ उलझे हुए दिखाई देते हैं। पूर्व डिप्टी सीएम और एक पुलिस इंस्पेक्टर के बीच का विवाद अब केवल कानून-व्यवस्था का मामला नहीं रहा, बल्कि यह एक बड़े राजनीतिक विमर्श में बदल चुका है। इस पूरे घटनाक्रम को जिस तरह सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों पर पेश किया जा रहा है, वह यह संकेत देता है कि आज की राजनीति में घटनाएं जितनी महत्वपूर्ण नहीं होतीं, उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण उनका प्रस्तुतिकरण होता है। सवाल यह नहीं रह जाता कि हुआ क्या, बल्कि यह बन जाता है कि दिखाया क्या जा रहा है और उससे कौन-सा भाव पैदा किया जा रहा है। आज के दौर में सहानुभूति सबसे बड़ा राजनीतिक पूंजी बन चुकी है। चुनावी गणित में आंकड़े जितने मायने रखते हैं, उससे कहीं अधिक असर भावनाओं का होता है। यही कारण है कि अक्सर छोटी-छोटी घटनाओं को इस तरह से उभारा जाता है कि वे एक बड़े अन्याय या संघर्ष का प्रतीक बन जाएं। हिसार की यह घटना भी कुछ इसी दिशा में जाती प्रतीत होती है, जहां एक टकराव को पीड़ित बनाम तंत्र के नैरेटिव में ढालने की कोशिश नजर आती है। वीडियो क्लिप्स के आधार पर लोग अपने-अपने निष्कर्ष निकाल रहे हैं—कहीं इंस्पेक्टर का व्यवहार आक्रामक दिखता है, तो कहीं राजनीतिक पक्ष की प्रतिक्रिया उत्तेजित नजर आती है। लेकिन इन टुकड़ों में बंटी तस्वीर के आधार पर पूरी सच्चाई का आकलन करना न केवल मुश्किल है, बल्कि खतरनाक भी है, क्योंकि अधूरी जानकारी अक्सर गलत धारणा को जन्म देती है। यह समझना जरूरी है कि राजनीति में हर घटना का एक पोस्ट-इवेंट लाइफ होता है—यानी घटना के बाद उसे किस तरह से भुनाया जाता है। कई बार घटनाएं स्वत: घटित होती हैं, लेकिन उनके बाद जो नैरेटिव गढ़ा जाता है, वह पूरी तरह से रणनीतिक होता है। हिसार की घटना में भी यही सवाल उठता है कि क्या यह केवल एक आकस्मिक टकराव था, या फिर इसे एक बड़े राजनीतिक उद्देश्य के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। अगर हम पिछले राजनीतिक घटनाक्रमों को देखें, तो यह स्पष्ट होता है कि सत्ता से दूरी बनने के बाद नेताओं द्वारा पीड़ित की छवि गढ़ना एक सामान्य रणनीति बन चुकी है। कल तक जो सत्ता के साथ खड़ा था, आज वही सत्ता के खिलाफ खड़ा होकर जनता की सहानुभूति हासिल करने की कोशिश करता है। यह राजनीति का नया नहीं, बल्कि परखा हुआ फार्मूला है। हालांकि, इस पूरी बहस में पुलिस की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अगर वीडियो में दिख रहा व्यवहार सही है, तो यह निश्चित रूप से पुलिस के आचरण पर गंभीर सवाल खड़े करता है। पुलिस का काम कानून लागू करना है, न कि अपनी व्यक्तिगत या संस्थागत शक्ति का प्रदर्शन करना। जब पुलिस का रवैया आक्रामक या पक्षपाती नजर आता है, तो जनता के बीच पहले से मौजूद अविश्वास और गहरा हो जाता है। लेकिन इसी के साथ यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि किसी भी जनप्रतिनिधि या राजनीतिक कार्यकर्ता को कानून से ऊपर नहीं माना जा सकता। अगर किसी नेता या उसके समर्थकों द्वारा भी अनुचित व्यवहार किया गया है, तो उसे भी उतनी ही गंभीरता से देखा जाना चाहिए। यही वह बिंदु है जहां यह पूरा मामला नेता बनाम इंस्पेक्टर की सीमाओं से बाहर निकलकर सिस्टम बनाम सच्चाई की लड़ाई में बदल जाता है। इस लड़ाई में सबसे बड़ा खतरा यह है कि सच्चाई कहीं बीच में दबकर रह जाती है और उसके स्थान पर भावनाएं हावी हो जाती हैं। सोशल मीडिया के इस दौर में हर व्यक्ति खुद को विश्लेषक मान बैठा है, और हर वीडियो क्लिप एक सबूत बन जाती है।

# राष्ट्रहित सर्वोपरि होगा, तो राष्ट्र सुरक्षित होगा

वैश्विक स्तरपर सबसे युवा देश जिसकी 65 फ़ीसदी आबादी उसकी सबसे मूल्यवान संपत्ति है वह है भारत !जहां दुनियाँ की युवा आबादी का पांचवा हिस्सा है जो एक जनसांख्यिकीय लाभांश पैदा करने की ताकत रखता है, इतिहास गवाह है कि आज तक दुनियाँ में जितने भी क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं, चाहे वे सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक रहे हों, उनके मुख्य आधार युवा ही रहे हैं। भारत में भी युवाओं का एक समृद्ध इतिहास है। प्राचीनकाल में आदिगुरु शंकराचार्य से लेकर गौतम बुद्ध और महावीर स्वामी ने अपनी युवावस्था में ही धर्म और समाज सुधार का बीड़ा उठाया था।पुनर्जागरण काल में राजा राममोहन राय, स्वामी दयानंद सरस्वती के साथ विवेकानंद जैसे युवा विचारक ने धर्म और समाज सुधार आंदोलन का नेतृत्व किया। इतिहास ने युवाओं की शक्ति का प्रभाव देखा है। उदाहरण के तौर पर भारत की आजादी में अनेक युवाओं ने अपना योगदान दिया और कई युवाओं ने बलिदान तक दिया। इसके परिणामस्वरूप हमारा देश ब्रिटिश सरकार को भागने में कामयाब हुआ। युवाओं ने इस प्रकार अनेक ऐतिहासिक बदलाव किए हैं। इसलिए आज का युवा भी विजन 2047, विज़न 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की देश की अर्थव्यवस्था के महत्वकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, जो कार्यबल के साथ साथ बाजार की उपलब्धि करा सकता है।नवाचार, नवोन्मेष, स्टार्टअप, उद्यमशीलता, विविधता की संस्कृति को चला रहे हैं ऐसी मुल्यवान ताकत युवाओं में हमें राष्ट्र हित से जुड़े मुद्दों की समझ विकसित करने, उनकी चिंताओं जिज्ञासाओं को समझकर उनको उत्साहवर्धन करने की तात्कालिक खास जरूरत है जो सर्वोपरि राष्ट्र सेवा है, क्योंकि यदि राष्ट्रहित सर्वोपरि होगा तो हमारा राष्ट्र आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, अन्तर्राष्ट्रीय बाधाओं सहित अनेक मुद्दों और विषयों में सुरक्षित होगा।

साथियों बात अगर हम युवाओं को उत्साहवर्धन की करें तो आज अभिभावकों, शिक्षकों, बुद्धिजीवियों, राजनीतिक नेताओं से लेकर हर उस जानकार व्यक्तित्व का कर्तव्य है कि युवाओं में राष्ट्रहित की भावना को तेजी से विकसित करें युवाओं में यह भाव पैदा करना होगा कि घर से महत्वपूर्ण समाज, उस से महत्वपूर्ण गांव, शहर, राष्ट्र है। इसलिए राष्ट्र हित की भावना सबसे पहले युवाओं में जागृत कराना जरूरी हैं। क्योंकि, युवा राष्ट्र का संरचनात्मक और कार्यात्मक ढांचा है। हर राष्ट्र की सफलता का आधार उसकी युवा पीढ़ी और उनकी उपलब्धियाँ होती हैं। राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है। इसलिए युवा राष्ट्र निर्माण में सर्वोच्च भूमिका निभाते हैं, इसके साथ ही देश का प्रत्येक नागरिक अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट और सर्वोच्च विकास के लिए प्रयासरत रहे। वास्तव में यही राष्ट्रहित है। जाति, धर्म और क्षेत्रीयता की संकीर्ण मानसिकता से उपर उठकर देश के प्रति गर्व की एक गहरी भावना महसूस करना ही राष्ट्रवाद है।

साथियो बात अगर हम भारत के सबसे कम उम्र वाली आबादी होने की करें तो, भारत के 1.35 बिलियन लोग इसे दुनियाँ का दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश बनाते हैं, लेकिन औसतन 29 वर्ष की आयु के साथ, यह विश्वस्तर पर सबसे कम उम्र की आबादी में से एक है। जैसे ही युवा नागरिकों का यह विशाल संसाधन कार्यबल में प्रवेश करता है, यह एक जनसांख्यिकीय लाभांश बना सकता है।संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष द्वारा जनसांख्यिकीय लाभांश को जनसंख्या की आयु संरचना में बदलाव के परिणामस्वरूप आर्थिक विकास के रूप में परिभाषित किया जाता है, मुख्यत: जब कामकाजी उम्र की आबादी आश्रितों की संख्या से बड़ी होती है।

साथियों बात अगर हम युवाओं में राष्ट्रहित, राष्ट्रीयता भावना जगाने की करें तो, पहला कार्य व्यक्ति निर्माण का है और राष्ट्रीय संस्कार व्यक्ति में बनेंगे तो निश्चित तौर से यह निज हित से ऊपर राष्ट्र हित को प्राथमिकता देगा। देश के हर वर्ग के युवा राष्ट्रहित को सर्वोपरि समझे तभी हम एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर पाएंगे। युवाओं को हमरे पूर्वजों से प्रेरणा लेनी चाहिए संस्कृति को समझना होगा। युवा संगठन से ऑनलाइन जुड़कर भी देश को मजबूती दे सकते हैं।राष्ट्र से बड़ा कोई संगठन नहीं है और राष्ट्रीय भाव से बड़ी विचारधारा नहीं हो सकती। इसलिए आज नौजवानों में राष्ट्रीयता की भावना को जगाने की जरूरत है।



साथियों बात अगर हम बच्चों, युवाओं में राष्ट्रहित राष्ट्रवाद को गहराई से समझाने की करें तो, प्रत्येक नागरिक के लिए अपने राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता प्रदर्शन करना अनिवार्य है क्योंकि हमारा देश अर्थात हमारी जन्मभूमि हमारी मां ही तो होती है। जिस प्रकार माता बच्चों को जन्म देती है तथा अनेक कष्टों को सहते हुए भी अपने बच्चों की खुशी के लिए अपने सुखों का परित्याग करने में भी पीछे नहीं हटती है उसी प्रकार अपने सीने पर हल चलवाकर हमारे राष्ट्र की भूमि हमारे लिए अनाज उत्पन्न करती है, उस अनाज से हमारा पोषण होता है।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार, पीएम ने कहा, एक बात जिसने हमारे लोकतंत्र व्यवस्था को बड़ा नुकसान पहुंचाया वह है राष्ट्रहित से ज्यादा प्राथमिकता अपनी विचारधारा को देना।अगर कोई विचारधारा यह कहती है कि देशहित के मामलों में भी मैं इसी दायरे में काम करूंगा तो यह रास्ता सही नहीं है। दोस्तों यह गलत है। आज हर कोई अपनी विचारधारा पर गर्व करता है। यह स्वाभाविक भी है, लेकिन फिर भी हमारी विचारधारा राष्ट्रहित के विषयों में राष्ट्र के साथ नजर आनी चाहिए। राष्ट्र के खिलाफ कतई नहीं। आप देश के इतिहास में देखिए जब -जब देश के सामने कोई कठिन समस्या आई है हर विचारधारा के लोग राष्ट्रहित में एक साथ आए हैं। आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी के नेतृत्व में हर विचारधारा के लोग एक साथ आए थे। उन्होंने देश के लिए एक साथ संघर्ष किया था। उन्होंने कहा, आपातकाल के खिलाफ आंदोलन में कई राजनीतिक दलों के नेता, कार्यकर्ता और संगठन के लोग भी थे। समाजवादी लोग भी थे, कम्युनिस्ट भी थे, जेएनयू से जुड़े कितने ही लोग थे जिन्होंने एक साथ आकर इमरजेंसी के खिलाफ संघर्ष किया था। इस लड़ाई में किसी को अपनी विचारधारा से समझौता नहीं करना पड़ा था। पर सब सबसे ऊपर राष्ट्रहित का उद्देश्य था। इसलिए जब राष्ट्र की एकता, अखंडता का प्रश्न हो तो एक साथ आना चाहिए।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि राष्ट्रहित से ज्यादा प्राथमिकता अपनी विचारधारा को देना, हमारे देश व लोकतांत्रिक व्यवस्था का बहुत बड़ा नुकसान राष्ट्रहित सर्वोपरि होगा, तो राष्ट्र सुरक्षित होगा।युवाओं में राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों की समझ विकसित करने, उनकी चिंताओं, जिज्ञासाओं को समझकर उनका उत्साहवर्धन करना सर्वोपरि राष्ट्र सेवा है।

**- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**

# मिलावट का महाजाल

**- कांतिलाल मांडोत**

**थाली से लेकर शरीर तक फैलता धीमा जहर,सूरत का खुलासा एक चेतावनी, देशभर में मिलावट की भयावह सच्चाई**

सूरत के सचिन जीआईडीसी में नकली घी फैक्ट्री का भंडाफोड़ केवल एक स्थानीय अपराध नहीं, बल्कि पूरे देश में फैले मिलावट के संगठित नेटवर्क की गंभीर तस्वीर पेश करता है। 1 किलो शुद्ध घी से 15 किलो नकली घी तैयार करने की तकनीक न सिर्फ कानून का मजाक उड़ाती है, बल्कि आम जनता की सेहत के साथ खुला खिलवाड़ भी है। 'विदुर' जैसे नामों के पीछे छिपा यह जहर देश के कई राज्यों तक पहुंच रहा था, जिससे यह साफ हो जाता है कि मिलावट का कारोबार अब छोटे स्तर की धोखाधड़ी नहीं, बल्कि एक बड़ा और संगठित उद्योग बन चुका है।

भारत में खाद्य मिलावट की समस्या नई नहीं है, लेकिन हाल के



वर्षों में इसकी गंभीरता और विस्तार दोनों तेजी से बढ़े हैं। विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी रिपोर्टों के अनुसार, देश में जांच किए गए खाद्य पदार्थों के नमूनों में से एक बड़ा हिस्सा किसी न किसी रूप में मिलावटी पाया जाता है। कई राज्यों में यह आंकड़ा 20 से 30 प्रतिशत तक पहुंच जाता है, जो बेहद चिंताजनक है। दूध, घी, तेल, मसाले, मिठाइयां, यहां तक कि फल और सब्जियां भी इस जाल से अछूती नहीं हैं। मिलावट अब केवल गुणवत्ता की कमी नहीं रही, बल्कि यह सीधे-सीधे स्वास्थ्य के लिए खतरा बन चुकी है।

मुनाफे की अंधी दौड़ में मिलावटखोरों ने इंसानियत को ताक पर रख दिया है। सूरत के इस मामले में जिस तरह केमिकल, पामोलीन ऑयल और सिंथेटिक फ्लेवर का इस्तेमाल कर नकली घी तैयार किया जा रहा था, वह दिखाता है कि अपराधी कितनी वैज्ञानिक और योजनाबद्ध तरीके से इस काम को अंजाम दे रहे हैं। डॉक्टरों की तरह सिरिंज का इस्तेमाल कर केमिकल की सटीक मात्रा मिलाना इस बात का प्रमाण है कि यह काम केवल अवैध ही नहीं, बल्कि बेहद खतरनाक भी है। ऐसे उत्पाद दिखने और महकने में भले ही असली जैसे लगें, लेकिन इनके सेवन से शरीर के अंदर धीरे-धीरे जहर फैलता है।

मिलावटी खाद्य पदार्थों का सबसे बड़ा खतरा यह है कि इनके दुष्प्रभाव तुरंत दिखाई नहीं देते। यह धीरे-धीरे शरीर को कमजोर करते हैं और गंभीर बीमारियों को जन्म देते हैं। हृदय रोग, किडनी फेल होना, लिवर डैमेज, कैंसर जैसी घातक बीमारियां लंबे समय तक मिलावटी भोजन के सेवन से जुड़ी हुई हैं। बच्चों और बुजुर्गों पर इसका असर और भी अधिक खतरनाक होता है, क्योंकि उनकी प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। यही कारण है कि मिलावट केवल एक आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य पर सीधा हमला है।

आज स्थिति यह हो गई है कि आम उपभोक्ता के लिए असली और नकली के बीच अंतर करना बेहद मुश्किल हो गया है। आकर्षक पैकेजिंग, ब्रांडेड लेबल और सस्ते दामों के लालच में लोग अनजाने में ही मिलावटी उत्पाद खरीद लेते हैं। सूरत के मामले में भी 'विदुर' ब्रांड के नाम पर नकली घी को असली बताकर बेचा जा रहा था, जिससे उपभोक्ता आसानी से धोखा खा जाते थे। यह प्रवृत्ति केवल एक शहर तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के हर कोने में इस तरह के मामले सामने आते रहते हैं।

मिलावट का यह जाल केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि छोटे कस्बों और गांवों तक भी फैल चुका है। थोक व्यापारियों और सप्लाई चेन के जरिए यह नकली सामान दूर-दराज के इलाकों तक पहुंचाया जाता है। कई बार स्थानीय दुकानदार भी अनजाने में ऐसे उत्पाद बेचते हैं, जिससे यह समस्या और भी जटिल हो जाती है। इसके पीछे एक पूरा नेटवर्क काम करता है, जिसमें निर्माता, सप्लायर और वितरक सभी शामिल होते हैं।

इस समस्या की जड़ में कमजोर निगरानी व्यवस्था और कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन न होना भी शामिल है। हालांकि देश में खाद्य सुरक्षा के लिए कानून मौजूद हैं, लेकिन उनका पालन सख्ती से नहीं हो पाता। जांच की प्रक्रिया धीमी होती है और दोषियों को सजा मिलने में लंबा समय लग जाता है, जिससे उनके हौसले बुलंद रहते हैं। कई मामलों में जुर्माना भी इतना कम होता है कि वह उनके मुनाफे के सामने नगण्य साबित होता है।

ऐसे में जरूरी है कि मिलावटखोरों के खिलाफ कठोर और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कानूनों को और सख्त बनाया जाए, ताकि दोषियों को कड़ी सजा मिले और दूसरों के लिए यह एक उदाहरण बन सके। साथ ही, खाद्य पदार्थों की नियमित और व्यापक जांच होनी चाहिए, जिससे बाजार में बिकने वाले उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। तकनीक का उपयोग कर ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग सिस्टम को मजबूत बनाना भी समय की जरूरत है।

सरकार के साथ-साथ उपभोक्ताओं की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। लोगों को जागरूक होना होगा और सस्ते के लालच से बचना होगा। विश्वसनीय ब्रांड और प्रमाणित उत्पादों को ही प्राथमिकता देनी चाहिए। साथ ही, यदि किसी उत्पाद की गुणवत्ता पर संदेह हो तो उसकी शिकायत संबंधित विभाग में करनी चाहिए। जागरूक उपभोक्ता ही इस समस्या से लड़ने में सबसे बड़ा हथियार बन सकता है।

सूरत का यह कांड एक चेतावनी है कि अगर समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाई गई, तो इसके परिणाम और भी भयावह हो सकते हैं। यह केवल एक शहर या एक राज्य की समस्या नहीं, बल्कि पूरे देश की चुनौती है। मिलावट का यह जहर हमारी थाली में घुलकर हमारी सेहत को धीरे-धीरे खत्म कर रहा है। अब समय आ गया है कि इस समस्या को गंभीरता से लिया जाए और मिलकर इसके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित और स्वस्थ जीवन मिल सके।

# आधुनिकता की दौड़ में खोता चैन-ओ-सुकून और पुरातन संस्कृति,परंपराओं, जीवनशैली की ओर लौटता मानव

मानव सभ्यता ने पिछले कुछ दशकों में जितनी तीव्र गति से प्रगति की है, उतनी शायद इतिहास के किसी अन्य कालखंड में नहीं हुई। आज मनुष्य सुविधा-संपन्न जीवन जी रहा है। आज पक्के घर-मकान हैं, बिजली, पानी, वातानुकूलन, आधुनिक फर्नीचर, यातायात के लिए ट्रेन, बस, कार, स्कूटर, मोटरसाइकिल और विमान जैसी अनेक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। कहना गलत नहीं होगा कि संचार क्रांति ने आज पूरी दुनिया को एक छोटे से गाँव में बदल दिया है। इंटरनेट, मोबाइल, स्मार्टफोन, लैपटॉप और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) जैसी तकनीकों ने जीवन को तेज, आसान और बहुत ज्यादा सुविधाजनक बना दिया है। परंतु यह भी उतना ही सत्य है कि इन सब उपलब्धियों के बीच मनुष्य के जीवन से शांति, संतोष और आत्मीयता कहीं न कहीं कम होती चली गई है।

सच तो यह है कि आज का मनुष्य जितना साधनों, मशीनों से समृद्ध हुआ है, उतना ही मानसिक रूप से वह व्यस्त, तनावग्रस्त और अकेला भी हुआ है।आधुनिक जीवनशैली ने मनुष्य को सुविधाएं तो दी हैं, लेकिन यह भी एक कटु सत्य है इन सबने कहीं न कहीं मानव का चैन-ओ-सुकून छीन लिया है। आज का जीवन भागदौड़, प्रतिस्पर्धा, चिंता, तनाव और अवसाद का पर्याय बनता जा रहा है। हर व्यक्ति दौड़ रहा है, हर व्यक्ति को आज पदार्थ की चाहत है, पर यह स्पष्ट नहीं कि वह किस मंजिल की ओर जा रहा है।

पहले के समय में मनुष्य का जीवन प्रकृति के अधिक निकट था। लोग पैदल चलते थे, खेत-खलिहानों से जुड़े रहते थे, दिन-भर अथाह परिश्रम करते थे और शारीरिक रूप से अधिक स्वस्थ रहते थे। गाँवों में लोग कई-कई किलोमीटर/कोसों पैदल चलकर विद्यालय जाते थे। बाजार जाना हो, खेत जाना हो या किसी रिश्तेदार से मिलने जाना हो, पैदल चलना सामान्य बात थी। इस कारण मनुष्य का शरीर सक्रिय रहता था, बीमारियाँ कम होती थीं और जीवन में अनुशासन भी बना रहता था। आज छोटी से छोटी दूरी के लिए भी स्कूटर, मोटरसाइकिल या कार का उपयोग होने लगा है। इससे सुविधा तो बढ़ी है, पर मानव शरीर निष्क्रिय हो गया है। परिणामस्वरूप मोटापा, मधुमेह, रक्तचाप और हृदय रोग जैसी समस्याएँ तेजी से बढ़ी हैं।

इतना ही नहीं, पहले संयुक्त परिवारों की परंपरा थी। एक ही घर में दादा-दादी, माता-पिता, चाचा-चाची, भाई-बहन और बच्चे साथ रहते थे। घर का मुखिया प्राय: परिवार का बुजुर्ग होता था, जिसकी बात को सम्मानपूर्वक माना जाता था। बुजुर्ग केवल उम्र में बड़े नहीं होते थे, वे अनुभव, ज्ञान और संस्कारों के केंद्र होते थे। परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होती थी। बच्चे उनके सानिध्य में संस्कार सीखते थे, कहानियाँ सुनते थे और जीवन के मूल्य समझते थे।

आज परिस्थितियाँ बहुत हद तक बदल चुकी हैं। नौकरी, व्यवसाय, स्थानांतरण, व्यस्तता और कई बार आपसी मतभेदों के कारण संयुक्त परिवार टूटकर एकल परिवारों में बदल गए हैं। पति-पत्नी और बच्चे तक सीमित परिवारों में आर्थिक स्वतंत्रता तो है, पर भावनात्मक सहारा कम हो गया है। बुजुर्ग अनेक बार अकेलेपन का जीवन जीने को विवश हैं। आज परिवारों में, पड़ोसियों में पहले की तुलना में संवाद, आपसी बातचीत काफी कम हुआ है और पीढ़ियों के बीच दूरी बढ़ी है।

पहले मनुष्य के हृदय में संवेदना अधिक थी। पड़ोसी परिवार जैसा होता था। रास्ता पूछने पर लोग स्वयं छोड़ने तक चले जाते थे। किसी घर में दु:ख-सुख हो तो पूरा मोहल्ला साथ खड़ा हो जाता था। आज शहरी जीवन में पड़ोसी का नाम तक कई लोगों को ज्ञात नहीं होता। यदि किसी से रास्ता या पता पूछ लिया जाए तो अनेक लोग रुककर उत्तर देना भी आवश्यक नहीं समझते। आधुनिकता ने व्यक्तिवाद को बढ़ाया है, पर सामाजिक आत्मीयता को कम किया है।

और तो और आज के समय में खान-पान के क्षेत्र में भी बड़ा परिवर्तन आया है। पहले घरों में शुद्ध भोजन बनता था। अनाज, दालें, मसाले, घी, दूध और सब्जियाँ प्राकृतिक रूप में उपलब्ध होती थीं। मिट्टी के चूल्हों पर पकता भोजन स्वादिष्ट भी होता था और स्वास्थ्यवर्धक भी। लोग मौसम के अनुसार भोजन करते थे। गर्मियों में छाछ, सत्तू, बेल का शरबत, आम पना और सादा भोजन लिया जाता था। सर्दियों में गुड़, तिल, बाजरा, मूंगफली, लड्डू और पौष्टिक आहार का महत्व था।

आज बाजारवाद के प्रभाव से खान-पान की आदतें बदल गई हैं। मिलावट आज के समय में एक गंभीर व बड़ी समस्या बन चुकी है। दूध, घी, तेल, मसाले, मिठाई, पेय पदार्थ और कई खाद्य सामग्री की शुद्धता पर प्रश्नचिह्न लग गया है। रेडीमेड, डिब्बाबंद और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों का उपयोग बढ़ गया है। रेस्टोरेंट, होटल, फास्ट फूड सेंटर, ठेले और ऑनलाइन फूड डिलीवरी ने घर के भोजन की जगह लेनी शुरू कर दी है। पिज्जा, बर्गर, नूडल्स, कोल्ड ड्रिंक और जंक फूड नई पीढ़ी की पसंद बन गए, जिनका स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है।

घरेलू उपयोग की वस्तुओं में भी परिवर्तन आया है। पहले मिट्टी के घड़े का पानी पीया जाता था, जो स्वाभाविक रूप से ठंडा और स्वास्थ्यकर होता था। मिट्टी के बर्तन, पत्तल, दोने, कांसे-पीतल के पात्र और प्राकृतिक वस्तुएँ जीवन का हिस्सा थीं। आज उनकी जगह प्लास्टिक, डिस्पोजेबल सामान, एल्युमिनियम, चीनी मिट्टी और कृत्रिम सामग्री ने ले ली है। सुविधा के नाम पर हमने पर्यावरण को प्रदूषित करने वाली वस्तुओं को अपनाया, जिसका दुष्परिणाम आज कचरे, प्रदूषण और स्वास्थ्य समस्याओं के रूप में सामने है।

यहां तक कि आज मनोरंजन का स्वरूप भी बदल गया है। पहले मेलों, लोकगीतों, चौपालों, पारिवारिक बैठकों, कहानी-किस्सों और सामाजिक आयोजनों में आनंद मिलता था। आज टीवी, मोबाइल, ओटीटी प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया और मल्टीप्लेक्स ने मनोरंजन को व्यक्तिगत बना दिया है। परिवार साथ बैठकर समय कम बिताता है, जबकि प्रत्येक सदस्य अपने-अपने स्क्रीन में व्यस्त है। परिणामस्वरूप संवाद घटा है और मानसिक दूरी बढ़ी है।

वस्त्रों के क्षेत्र में भी आधुनिकता का प्रभाव स्पष्ट है। पहले खादी, सूती और हाथ से बने कपड़ों का महत्व था। ये कपड़े मौसम के अनुकूल, सरल और स्वास्थ्यकर होते थे। आज तड़क-भड़क, फैशन, ब्रांडेड वस्त्र, सिंथेटिक कपड़े, जींस, चश्मे और दिखावे की संस्कृति का बोलबाला है। पहनावे में सुविधा से अधिक प्रदर्शन को महत्व मिलने लगा है।

परंतु आशा की किरण यह है कि अब समाज धीरे-धीरे अपनी जड़ों की ओर लौटने लगा है। लोगों को समझ में आने लगा है कि केवल आधुनिक साधन जीवन का समाधान नहीं हैं। इसलिए मिलेट्स यानी मोटे अनाजों की ओर फिर से ध्यान बढ़ा है। बाजरा, ज्वार, रागी, कोदो, सांवा जैसे अनाज फिर से थालियों में लौट रहे हैं। दादी-नानी के घरेलू नुस्खों को महत्व दिया जा रहा है। आयुर्वेद, योग, प्राणायाम और प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति रुचि बढ़ रही है।

सुबह-शाम टहलने, योग करने, व्यायाम करने और पार्कों में समय बिताने की प्रवृत्ति पुन: बढ़ी है। लोग जैविक खेती( आर्गेनिक खेती) की ओर आकर्षित हो रहे हैं।खेती के साथ आज पुन: पशुपालन को महत्व दिया जा रहा है। घरों में फिर से तुलसी, नीम, एलोवेरा, फूल-पौधे लगाए जा रहे हैं। पक्षियों के लिए पानी के परिंडे लगाए जा रहे हैं। मिट्टी के घड़े और पारंपरिक रसोई के साधनों का प्रयोग पुन: आरंभ हो रहा है।

भोजन में भी लोग पारंपरिक व्यंजनों की ओर लौट रहे हैं। दाल-बाटी-चूरमा, खीर, खिचड़ी, सत्तू, राबड़ी, दलिया, लस्सी, छाछ और घर के बने पकवानों का महत्व पुन: बढ़ा है। लोग समझ रहे हैं कि स्वाद और स्वास्थ्य का वास्तविक मेल घर के भोजन में ही है।

वास्तव में मनुष्य को जीवन में केवल धन-पैसा नहीं चाहिए। धन आवश्यक है, पर पर्याप्त नहीं। यदि घर में शांति न हो, मन में संतोष न हो, संबंधों में प्रेम न हो और समाज में मानवीयता न हो, तो वैभव भी अधूरा है। आदमी को सुकून चाहिए, अपनापन चाहिए, चैन की नींद चाहिए, स्वस्थ शरीर चाहिए और ऐसा समाज चाहिए जहाँ संवेदना जीवित हो।

भविष्य का आदर्श जीवन वही होगा जिसमें आधुनिकता और परंपरा का संतुलित समन्वय हो। विज्ञान का उपयोग हो, पर प्रकृति का सम्मान भी हो। तकनीक हो, पर रिश्तों में आत्मीयता भी हो। पक्के घर हों, पर दिल भी पक्के नहीं बल्कि कोमल हों। साधन हों, पर संस्कार भी हों। प्रगति हो, पर प्रदूषण नहीं। सुविधा हो, पर शांति भी हो।

एक समय ऐसा अवश्य आएगा जब मनुष्य समझेगा कि उसकी वास्तविक शक्ति उसकी संस्कृति, परंपराओं, प्रकृति और मानवीय मूल्यों में ही निहित है। तब वह फिर उसी दिशा में लौटेगा जहाँ जीवन केवल जीने का नाम नहीं, बल्कि आनंद और संतोष का अनुभव होगा। यही सच्ची प्रगति है, यही सच्चा विकास है।

**- सुनील कुमार महला**

# लांजी पुलिस ने अवैध खनन व परिवहन के मामले में दो ट्रैक्टर किया जप्त , आरोपियों को किया गिरफ्तार

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** क्षेत्र के रेत घाटों में अवैध रूप से रेत का परिवहन पूर्णतः बंद होने के बावजूद रेत माफिया हो या तस्कर बाज नही आ रहे है। लगातार हो रही कार्यवाही के बाद भी रेत तस्करो के द्वारा दिन हो या रात अपनी मनमानी करते हुये बेखौफ होकर रेत का अवैध रूप से परिवहन एवं खनन जारी है। इन्ही रेत तस्करों पर लांजी पुलिस ने 19 अप्रैल को कार्यवाही करते हुये रेत से भरे दो ट्रैक्टर जप्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इस संपूर्ण मामले को लेकर लांजी पुलिस के द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा द्वारा जिले में चल रही अवैध गतिविधियो, अपराधो की रोकथाम तथा अवैध रेत परिवहन की रोकथाम पर प्रभावी कार्यवाही हेतु लगातार आदेशित किया जा रहा है। जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय बैहर आदर्शकांत शुक्ला एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लांजी ओम प्रकाश (भापुसे) द्वारा भी लगातार मार्गदर्शन दिये जा रहे है। आदेश के पालन मे दिनाँक 18 एवं 19 अप्रैल की दरम्यानी रात्रि मे अवैध रेत परिवहन संबंधी सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति अपने-अपने नीले रंग के पावरट्रेक ट्रेक्टर ट्राली में अवैध रेत का परिवहन कर रहे है जो ग्राम टेमनी के रेत घाट से निकलने वाले है। जिसकी तस्दीक करने ग्राम टेमनी में बोलेगांव तरफ से 02 नीले रंग के ट्रेक्टर-ट्राली आते



दिखायी दिये जो ट्रेक्टरो के चालक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगे जिसको हमराह स्टाफ की मदद से हिकमत अमली से दोनो ट्रेक्टर चालको को ट्रैक्टर-ट्राली सहित रोका जो दोनो ट्रैक्टर की ट्राली मे रेत खनिज भरा होना पाया गया ट्रेक्टर चालको से उक्त रेत खनिज के परिवहन के संबंध में रायल्टी के संबंध में पूछा तो कोई रायल्टी या दस्तावेज नही होना बताये। वाहन चालको से अपना नाम पता पूछने पर उन्होने अपना-अपना नाम तोमेन्द्र उर्फ साहिल सिंह सोलंकी पिता लोटन सिंह सोलंकी जाति राजपूत उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम टेमनी थाना लांजी का होना एवं दूसरे ने अपना नाम नवीन सिंह चंदेल पिता नत्थूसिंह चंदेल जाति राजपूत उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम टेमनी थाना लांजी बताया जो अपने-अपने टेक्टर का नंबर एमपी 50 जेड बी 3042 एवं एमपी 50 एए-2404 की ट्रालियो मे अवैध रेत (खनिज) को बिना रायल्टी के रेत खनिज का परिवहन करना पाये जाने एवं चालको का कृत्य धारा 303 (2) बीएनएस एवं धारा 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम के तहत दोनो ही आरोपी तोमेन्द्र उर्फ साहिल सिंह सोलंकी पिता लोटन सिंह सोलंकी उम्र 21 वर्ष निवासी टेमनी, नवीन सिंह चंदेल पिता नत्थूसिंह चंदेल उम्र 23 वर्ष निवासी टेमनी इन दोनो ही आरोपियों को मय दो ट्रैक्टर ट्रॉली सहित हिरासत में लेकर आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 119/26 धारा 303(2), बीएनएस 4/21 खान एवं खनिज विकास का विनियमन अधिनियम 1957 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

विशेष भूमिका- उक्त कार्यवाही मे थाना लांजी से थाना प्रभारी उनि दीप सिंह परमार, सउनि परमानंद भगत, प्रआर नरेन्द्र सोनवे, आर सुजीत पाल, चेतन सोनी, आशुतोष राजपूत एवं संजय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कन्सुली में महापुरुषों की मूर्तियों का भव्य अनावरण, विकास को मिली नई गति — विधायक राजकुमार कर्राहे

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लांजी तहसील के वनांचल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कन्सुली में 17 अप्रैल को सामाजिक समरसता और प्रेरणा के प्रतीक के रूप में महापुरुषों की मूर्तियों का भव्य अनावरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फूले, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, सावित्रीबाई फूले एवं भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमाओं का विधिवत अनावरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लांजी-किरनापुर क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे रहे। उनकी उपस्थिति में यह आयोजन अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह की शुरुआत पारंपरिक पूजन-अर्चन एवं माल्यार्पण से हुई। इसके बाद मंचीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रबुद्धजनों ने महापुरुषों के जीवन, उनके सामाजिक संघर्ष तथा समाज सुधार में दिए गए अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि इन महान विभूतियों के विचार आज भी समाज को सही दिशा दिखा रहे हैं और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बने हुए हैं। इस मौके पर मरार माली समाज लांजी-किरनापुर के अध्यक्ष मानिकलाल पाचे, जनपद पंचायत लांजी के उपाध्यक्ष अजय अवसरे, ग्राम पंचायत कन्सुली के सरपंच लीलाराम मानकर, सामाजिक कार्यकर्ता विजय सोनवाने, डॉ. देवेश एडे, पी.डी. भालाधरे, शेषराम पंचाले, धीरज वाहने, आनंद रामटेके, जनपद सदस्य महेश चौधरी, ग्राम अध्यक्ष दिनेश दादरे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विधायक राजकुमार कर्राहे ने अपने संबोधन में ग्राम कन्सुली के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने ग्राम पंचायत के लिए 56 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में लांजी-किरनापुर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों, पुल-पुलियों और अन्य आधारभूत संरचनाओं के निर्माण पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा काफी बेहतर हुई है। विधायक ने आगे कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर




प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विद्युत व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए घोटी क्षेत्र में नया सब-स्टेशन स्थापित किया जा रहा है, जिससे आसपास के गांवों में बिजली की समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा। उन्होंने प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का भी संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का सफल संचालन ग्राम सचिव भैयालाल दादरे द्वारा किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और युवा उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और सामाजिक एकता तथा विकास के संकल्प के साथ समारोह का समापन हुआ।

# लांजी में 3 मई को विशाल राज्य स्तरीय बौद्ध महासम्मेलन का आयोजन

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** दि. बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया (भारतीय बौद्ध महासभा) की मध्य प्रदेश राज्य शाखा के तत्वावधान में जिले के विभिन्न तहसील मुख्यालयों में दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के समापन अवसर पर 3 मई 2026 को लांजी तहसील मुख्यालय में विशाल राज्य स्तरीय बौद्ध महासम्मेलन आयोजित होगा।

संस्था ने आदर्श बौद्ध समाज के निर्माण के उद्देश्य से यह कार्यक्रम शुरू किया है। 24 अप्रैल से 3 मई 2026 तक जिले के दस तहसील/सर्कल मुख्यालयों में निम्न शिविर आयोजित किए जाएंगे जिसमें दस दिवसीय श्रामणेर-बौद्धाचार्य धम्म प्रशिक्षण शिविर, उपासिका धम्म प्रशिक्षण शिविर, समता सैनिक दल का सैनिक प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन मध्य प्रदेश राज्य शाखा की अनुशंसा और केंद्रीय शाखा मुंबई के निर्देशानुसार किया जा रहा है।

इस महासम्मेलन में बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जी के पौत्र डॉ. भीमराव यशवंतराव आंबेडकर साहेब मुख्य अतिथि होंगे तथा अध्यक्षता प्रमोद कुमार भीमटे तहसील अध्यक्ष लांजी, स्वागत अध्यक्ष अशोक कुमार मेश्राम करेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में कैप्टन प्रवीण निखाड़े (अंतरराष्ट्रीय सचिव, मुंबई), एड. एस. के. भंडारे (ट्रस्टी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), एड. जगदीश गवई, बी. एच. गायकवाड गुरुजी (मुंबई), डॉ. चरनदास डेंगरे (अध्यक्ष, मप्र राज्य शाखा, बालाघाट), गौतम पाटिल (राज्य संगठक, भोपाल), सी. एल. बौद्ध (राष्ट्रीय संगठक, दतिया), आर. सी. दिवाकर (अध्यक्ष, मप्र उत्तर, शिवपुरी), अनिल भाऊ मेश्राम (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य शाखा, भिलाई) इसके अलावा मध्य प्रदेश राज्य शाखा, विभिन्न जिला शाखाओं, बालाघाट जिला तथा




सभी तहसील शाखाओं के प्रमुख पदाधिकारी और बौद्ध आंबेडकरी अनुयायी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। अशोक कुमार मेश्राम (जिलाध्यक्ष, बालाघाट) और प्रमोद कुमार भीमटे (तहसील अध्यक्ष, लांजी) ने सभी बौद्ध अनुयायियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया है कि वे इस महासम्मेलन में उपस्थिति देकर धम्म लाभ लें तथा श्रामणेर शिविर में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें।

## ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदीयों ने किया नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लांजी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कालीमाटी में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम संपन्न किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण, नारी अधिकार केंद्र परिवार परामर्श केंद्र आदि के विषय में जानकारी दी गई। समूह की दीदियों द्वारा, सीसीएल और सी आई एफ से प्राप्त ऋण राशियों का उपयोग कर 100 प्रतिशत दीदियों को लखपति बनाने के लिए चर्चा की गई। 20,000 से अधिक आय प्राप्त करने वाली दीदियों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए। उन्होंने बताया कि कैसे एक ग्रहणी अपना परिवार संभालते हुए भी परिवार का आर्थिक सहयोग कर सकती है।। ग्रामीण आजीविका मिशन जनपद पंचायत लांजी से सहायक



विकासखंड प्रबंधक सुनीता चत्रे द्वारा ग्राम संगठन की अध्यक्ष कुशा घोरमारे व अधिक आय अर्जन करने वाली अन्य दीदियों को ग्राम संगठन से,कलम (पेन) देकर सम्मानित किया गया। लोक अधिकार केंद्र लांजी से नलिनी ठाकरे द्वारा महिला अधिकार एवं उत्पीडन् से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई।

# धार्मिक मान्यता व परम्परानुसार कलश भरकर मनाया गया अक्षय तृतीया पर्व

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** अक्षय तृतीया का पावन पर्व रविवार, 19 अप्रैल 2026 को पूरे क्षेत्र व नगर में धार्मिक उत्साह और परंपरागत श्रद्धा के साथ मनाया गया। हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को पड़ने वाला यह त्योहार वर्ष भर के साढ़े तीन प्रमुख शुभ मुहूर्तों में से एक है, जिसका विशेष महत्व है।

अक्षय शब्द का अर्थ है जो कभी क्षय न हो। इसलिए मान्यता है कि इस तिथि पर किए गए कोई भी शुभ कार्य, दान, पूजा या मांगलिक अनुष्ठान का फल कभी समाप्त नहीं होता। यह दिन सौभाग्य, समृद्धि और अक्षय पुण्य प्रदान करने वाला माना जाता है।

### पितरों की याद में कलश पूजन की परंपरा

नगर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अक्षय तृतीया को हिंदू संस्कृति की प्राचीन परंपरा के अनुरूप मनाया गया। इस दिन पूर्वजों (पितरों) को याद कर कलश भरकर पूजन करने की विशेष परंपरा है। लोग सुबह से ही अपने माता-पिता तथा पूर्वजों की स्मृति में शुद्ध जल से कलश भरते दिखे। इन कलशों में तिल, फूल, फल या अन्य शुभ सामग्री भी रखी जाती है।

कलश भरने के बाद परिवार के सदस्यों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की, भोग लगाया और पितरों को तृप्त किया। ग्रामीण अंचलों में इस अवसर पर पारंपरिक पकवान बनाए गए और इष्ट देवताओं तथा पूर्वजों के नाम पर भोग अर्पित किए गए। धर्मशास्त्रों के अनुसार इस दिन पितरों के निमित्त तर्पण, जल से भरे कलश



रखने से पितरों को शांति मिलती है और उनका आशीर्वाद परिवार पर सदैव बना रहता है।

### बाजारों में चहल-पहल और मांगलिक कार्य

अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त के कारण नगर के बाजारों में सुबह से देर रात तक अच्छी चहल-पहल रही। सोना-चांदी, वस्त्र, आभूषण और घरेलू सामानों की खरीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। इस दिन सोना खरीदने की परंपरा भी विशेष रूप से प्रचलित है, क्योंकि इसे अक्षय धन और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है।

इस पर्व पर अनेक मांगलिक कार्यों का शुभारंभ किया गया। वास्तु पूजन, नवीन निर्माण कार्य, गृह प्रवेश और अन्य शुभ अनुष्ठान शुभ मुहूर्त में संपन्न हुए। सबसे खास बात यह रही कि इस बार अक्षय तृतीया पर रिकॉर्ड संख्या में विवाह समारोह आयोजित किए गए हैं। विवाह मंडपों में रौनक छाई रही और सुबह से रात तक बाजारों में बारातियों तथा ग्राहकों की भारी भीड़ रही। 20 अप्रैल को भी अक्षय तृतीया होने के चलते आज भी भारी संख्या में विवाह समारोह सम्पन्न होंगे।

### धार्मिक महत्व और शुभ फल

पुराणों के अनुसार अक्षय तृतीया वह तिथि है जब सत्य युग का अंत और त्रेता युग का आरंभ हुआ था। इस दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा, दान-पुण्य, हवन तथा तीर्थ स्नान का विशेष महत्व है। जो कार्य इस तिथि पर किए जाते हैं, वे जीवन भर फल देते रहते हैं और कभी क्षय नहीं होते।

# ब्राह्मण समाज की महिला मंडल ने हर्षोल्लास पूर्वक मनाया परशुराम जयंती

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** रविवार, 19 अप्रैल 2026 को भगवान परशुराम जी के प्रकट उत्सव (परशुराम जयंती) के पावन अवसर पर लांजी नगर में ब्राह्मण समाज की महिला मंडल द्वारा भव्य उत्सव मनाया गया। यह उत्सव अक्षय तृतीया के शुभ दिन पर आयोजित हुआ, जिसमें भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी की जन्म कथा, उनके धार्मिक महत्व और ब्राह्मण समाज की परंपराओं को याद किया गया।

### उत्सव का आयोजन

ब्राह्मण समाज की महिला मंडल की ओर से लांजी नगर के गुजरी चौक स्थित नया राम मंदिर में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर परिसर परशुराम जी की तस्वीर के समक्ष पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई, साथ ही भगवान परशुराम जी, श्री राम जी और अन्य देवी-देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना हुई। महिलाओं ने सामूहिक रूप से परशुराम जी को फल, फूल, अगरबत्ती और नैवेद्य अर्पित किए। विशेष रूप से परशुराम जी की कथा का पाठ और उनकी पराक्रम गाथा सुनाई गई।

**भजन-कीर्तन-** मंदिर में भजन-कीर्तन का सिलसिला दोपहर से शाम तक चला। ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने मधुर स्वर में परशुराम जी, भगवान राम और कृष्ण भक्ति से ओत-प्रोत भजन गाए। कीर्तन के दौरान महिलाएं झूमकर नृत्य भी करती दिखीं, जिससे पूरे मंदिर परिसर में भक्ति की लहर दौड़ गई।

**सामूहिक भागीदारी-** ब्राह्मण समाज की लगभग सभी महिलाएं इस कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। युवतियों से लेकर बुजुर्ग महिलाओं तक ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कई महिलाओं ने घर से प्रसाद और फल-मिठाई लेकर आईं, जिसका सामूहिक वितरण भी किया गया।

### भगवान परशुराम जी का महत्व

भगवान परशुराम जी को ब्राह्मणों के



कुलदेवता के रूप में पूजा जाता है। वे क्षत्रिय अभिमान का नाश करने वाले और धर्म की रक्षा करने वाले के रूप में जाने जाते हैं। इस अवसर पर महिलाओं ने परशुराम जी के संदेश को याद करते हुए कहा कि आज के युग में भी सत्य, अहिंसा और ब्राह्मण परंपराओं की रक्षा जरूरी है। कई महिलाओं ने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए कि परशुराम जी की कृपा से परिवार में शांति और समृद्धि बनी रहती है।

### आयोजकों का कथन

ब्राह्मण महिला मंडल की सदस्यों ने बताया कि भगवान परशुराम जी के प्रकट दिवस पर हम हर वर्ष इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित करती हैं। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना और भक्ति भाव को बढ़ावा देना है। आज का कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय रहा और सभी महिलाओं ने इसमें पूर्ण सहयोग दिया। उत्सव शाम तक चला और अंत में सामूहिक आरती तथा प्रसाद वितरण के साथ समाप्त हुआ। इस आयोजन से लांजी नगर के ब्राह्मण समाज में भक्ति और एकता का नया संदेश फैला।

# भारतीय बौद्ध महासभा सर्कल शाखा कारंजा एवं ग्रामीण शाखा टेकेपार द्वारा डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 135वीं जन्मजयंती भव्य रूप से मनाई गई

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** भारतीय बौद्ध महासभा सर्कल शाखा कारंजा एवं ग्रामीण शाखा टेकेपार के संयुक्त तत्वावधान में परम पूज्य बोधिसत्व डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जन्म जयंती शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026 को डॉ. आंबेडकर चौक, टेकेपार में बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में राजकुमार कर्राहे क्षेत्रीय विधायक, लांजी उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में सौरभ भाऊ लोधी प्रदेश अध्यक्ष, ओबीसी महासभा, हेमंत साहु जनपद उपाध्यक्ष, बिरसा ब्लॉक, मनोज गजभिए, पी.डी. भालाधरे संविधान प्रचारक, पी.के. भिमटे अध्यक्ष तहसील शाखा लांजी, जयभिम गजभिए पूर्व सर्कल अध्यक्ष कारंजा तथा द्वारका बोम्बर्डे सरपंच ग्राम पंचायत मिरिया शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राहुल रामटेके सर्कल शाखा अध्यक्ष कारंजा ने की। समारोह की शुरुआत तथागत बुद्ध, बोधिसत्व डॉ. आंबेडकर एवं राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुई। इसके बाद समस्त बौद्ध उपासक-उपासिकाओं, ग्रामीण नागरिकों, महिलाओं एवं बच्चों ने सामूहिक रूप से त्रिशरण एवं पंचशील ग्रहण किया। उपस्थित अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं बैंच लगाकर स्वागत किया गया।

संविधान की प्रस्तावना का वाचन पी.डी. भालाधरे द्वारा करवाया गया। मुख्य अतिथि राजकुमार कर्राहे ने डॉ. आंबेडकर के जीवन एवं उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबासाहेब पूरे राष्ट्र के युगपुरुष थे, जिन्होंने विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान भारत को दिया। उन्होंने बौद्ध समिति टेकेपार की मांग पर डॉ. आंबेडकर सभामंडप के निर्माण के लिए विधायक निधि देने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि सौरभ भाऊ लोधी ने कहा कि डॉ. आंबेडकर द्वारा किए गए अमूल्य कार्य सदियों तक ज्ञान के दीपक की तरह जगमगाते रहेंगे। उन्होंने विशेष रूप से ओबीसी समाज को संबोधित करते हुए अनुच्छेद 340 के माध्यम से दिए गए अधिकारों का उल्लेख किया और आह्वान किया कि सभी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें, राजनीतिक पाखंड एवं अफवाहों से बचें तथा अपने अधिकारों के लिए स्वयं संघर्ष करें। हेमंत साहु ने बाबासाहेब की उच्च शिक्षा पर जोर देते हुए कहा, शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पीएगा वह दहाड़ेगा। उन्होंने बाबासाहेब के मिशन को आगे बढ़ाते हुए समाज को शिक्षित, संगठित और संघर्षशील बनाने की अपील की। पी.के. भिमटे तथा पी.डी. भालाधरे ने डॉ. आंबेडकर द्वारा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध किए गए कानूनी संघर्ष और भारतीय संविधान की महत्ता पर विस्तृत जानकारी दी। जयभिम गजभिए ने भी बाबासाहेब के जीवन की अनेक प्रेरणादायक घटनाएं सुनाईं। कार्यक्रम में भीमगीतों की प्रस्तुति ने माहौल को और भी भावुक बना दिया। अंत में सर्कल अध्यक्ष राहुल रामटेके ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन कोषाध्यक्ष एल.एच. जांभुलकर ने कुशलतापूर्वक किया। इस सर्कल स्तरीय जयंती उत्सव के सफल आयोजन में भारतीय बौद्ध महासभा के पदाधिकारियों, ग्रामीण शाखाओं के सदस्यों, बौद्ध उपासक-उपासिकाओं एवं टेकेपार के ग्रामीण नागरिकों के अपार स्नेह एवं परिश्रम की सराहना की गई।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबैंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# आज होगा गुजरात और मुम्बई का मुकाबला




अहमदाबाद। गुजरात टाइटंस की टीम सोमवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। शुभमन गिल की कप्तानी में उतर रही गुजरात ने शुरुआती झटकों से वापसी करते हुए पिछले तीन मैचों में शानदार जीत हासिल की है। जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। टीम के पास बल्लेबाजी में कप्तान शुभमन गिल के अलावा साई सुदर्श और जोस बटलर जैसे बल्लेबाज जबकि गेंदबाजी मे प्रसिद्ध कृष्णा के अलावा राशिद खाना जैसे गेंदबाज हैं। दूसरी ओर हार्दिक पांड्या की कप्तानी में मुंबई इंडियंस की टीम का प्रदर्शन इस सत्र में अच्छा नहीं रहा है। उसे लगातार हार का सामना करना पड़ा है। जिससे टीम दबाव में है और वह किसी भी हाल में इस मैच में जीत चाहेंगी। टीम की बल्लेबाजी में निरंतरता की कमी है जिसे उसे दूर करना होगा। अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा चोटिल होने के कारण ये मैच नहीं खेल पायेंगे। ऐसे में टीम की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। टीम के पास सूर्यकुमार याद जैसे बल्लेबाज और जसप्रीत बुमराह जैसे गेंदबाज हैं पर इसके बाद भी उसका अब तक का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। अपने पिछले पांच मैचों में से चार हारी है। वह घरेलू मैदान में गुजरात टाइटंस का रिकॉर्ड काफी अच्छा रहा है। यहां उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए चारों मैच जीते हैं, जिससे इस मुकाबले में गुजरात को मजबूत दावेदार माना जा रहा है। अब तक दोनो के बीच 5 मुकाबले हुए हैं जिसमें से 5 गुजरात जबकि 3 मुम्बई ने जीते हैं।

इस मैदान की पिच बल्लेबाजों के लिए अच्छी है। ऐसे में यहां बड़ा स्कोर बनना तय है। यहां का औसत स्कोर 200 के करीब है।

दोनो ही टीमों की संभावित अंतिम ग्यारह

### गुजरात टाइटंस

शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, अशोक शर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा

### मुंबई इंडियंस

हार्दिक पांड्या (कप्तान), क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रयान रिकेलटन, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव, शेरफेन रदरफोर्ड, नमन धीर, मिचेल सैंटनर, शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर, जसप्रीत बुमराह

## चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर का कार्यकाल बढ़ा सकती है बीसीसीआई

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर का कार्यकाला बढ़ाया जाना तय नजर आता है। एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई साल 2027 एकदिवसीय विश्वकप को देखते हुए अगरकर का करार एक साल बढ़ा सकती है। अगरकर का कार्यकाल इसी साल जून में समाप्त होने वाला है। बोर्ड का मानना है कि विश्वकप से पहले चयन समिति में कोई बदलाव नहीं होना चाहिये। बीसीसीआई अगरकर की उपलब्धियों से भी संतुष्ट है। उनके कार्यकाल में भारतीय टीम ने आईसीसी टी20 विश्वकप के अलावा चैंपियंस ट्रॉफी जीती है। वहीं टीम 2023 एकदिवसीय विश्वकप के फाइनल में पहुंची थी। बोर्ड के एक अधिकारी के अनुसार अगरकर के कार्यकाल में टीम में तेजी से बदलाव हुआ और कई कठिन फैसले बिना किसी दबाव के लिए गये। जिससे बोर्ड प्रभावित है। ऐसे में बोर्ड के अंदर सभी चाहते हैं कि विश्वकप से पहले चयन समिति में बदलाव ठीक नहीं रहेगा।



वहीं कप्तान सूर्यकुमार का पद खतर में है। सूर्या ने टीम को जीत दिलायी है पर रन नहीं बनाये हैं, ऐसे में उनकी बल्लेबाजी को लेकर बोर्ड संतुष्ट नहीं है। ऐसे में जून-जुलाई में होने वाले इंग्लैंड और आयरलैंड दौरे में सूर्यकुमार को हर हाल में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। यह दौरा तय करेगा कि उन्हें 2028 तक टीम की योजनाओं में शामिल रखा जाएगा या नहीं। खासकर उनकी बल्लेबाजी पर ज्यादा नजर रहेगी।

## बेटे के पिता बने अफगानिस्तान के क्रिकेटर राशिद खान

कोलकाता। आईपीएल में गुजरात टाइटंस की ओर से खेल रहे अफगानिस्तान के अनुभवी स्पिनर राशिद खान एक बेटे के पिता बने है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने बेटे अजलान के जन्म की घोषणा की। इसके बाद से ही उन्हें प्रशंसकों की और से बधाईयां मिलने लगीं। इस दौरान ने खेल के मैदान में भी अच्छी सफलता हासिल की।

केकेआर के खिलाफ मैच में उन्होंने कैमरन ग्रीन को विकेट लेकर केकेआर को 180 रन पर समेट दिया। ग्रीन ने 79 रन बनाये। वहीं शुभमन गिल ने सबसे अधिक 86 रन बनाये। जोस बटलर के फिनिशिंग शॉट्स की ब्दौलत गुजरात टाइटंस ने यह मैच 5 विकेट से अपने नाम किया।

## हिंगे सहित सभी गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से हैदराबाद ने पलटी बाजी

हैदराबाद। प्रफुल्ल हिंगे सहित सभी सभी गेंदाबाजों के अच्छे प्रदर्शन से चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में हार का सामना करना पड़ा है। इस रोमांचक मुकाबले में अंतिम ओवर में सीएसके के हाथों से मैच निकल गया। इस मैच में सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अभिषेक शर्मा की 22 गेंद में 59 रनों की आक्रामक पारी और हेनरिक क्लासेन के 39 गेंद पर 59 रनों की सहायता से 9 विकेट पर 194 रन बनाये। इसके बाद 195 रन का पीछा करते हुए सीएसके 20 ओवरों में 8 विकेट पर 184 रन ही बना पाई।

मैच का फैसला अंतिम दो ओवरों में हुआ। इसमें सीएसके को जीत के लिए 30 रन बनाने थे। उसने 19 वें ओवर में 12 रन बनाये। इस प्रकार उसे अंतिम ओवर में 18 रन बनाने थे। ऐसे में प्रफुल्ल ने ने केवल 7 रन देकर अपनी टीम हैदराबाद को जीत दिला दी। हैदराबाद के गेंदबाजों ने बीच के ओवर्स में अच्छी गेंदबाजी कर सीएसके के हाथों से जीत छीन ली। मैच में 195 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके की और से मैट शॉर्ट ने 34 व आयुष म्हात्रे ने 30 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की। वहीं बीच के ओवरों में सीएसके के गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी कर हैदराबाद के बल्लेबाजों पर अंकुश लगा दिया। ईशान मलिंगा और नितीश कुमार रेड्डी ने मध्य क्रम को खुलकर खेलने का अवसर नहीं दिया। मलिंगा ने 4 ओवर में 29 रन देकर 3 विकेट जबकि नितीश कुमार रेड्डी ने 31 रन देकर 2 विकेट लिए। वहीं शिवांग कुमार ने 3 ओवर में सिर्फ 18 रन देकर 1 विकेट लिया। हिंगे के अलावा अंतिम ओवरों में साकिब हुसैन ने भी कसी हुई गेंदबाजी कर सीएसके पर दबाव बढ़ा दिया था। साकिब ने 17वें ओवर में केवल 6 रन देकर ऑलराउंडर शिवम दुबे को आउट कर सीएसके की जीत की उम्मीद तोड़ दी।

## रुतुराज ने सनराइजर्स से हार के लिए मध्यक्रम के बल्लेबाजों को जिम्मेदार बताया

हैदराबाद (ईएमएस)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने आईपीएल में लगातार दूसरी हार पर निराशा जतायी है। सीएसके को सनराइजर्स के खिलाफ हुए मुकाबले में 10 रनों से हार का सामना करना पड़ा है।रुतुराज ने हार के लिए मध्यक्रम के बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन को जिम्मेदार बताया है। इस मैच में 195 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 184 रन ही बना पाई.



रुतुराज ने कहा कि हमारी टीम के गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन किया पर मध्यक्रम के अच्छी शुरुआत का लाभ नहीं ले पाये। उन्होंने कहा, जिस प्रकार से सनराइजर्स ने बल्लेबाजी की उससे लगा कि वे पावरप्ले में 220 से 230 रन बना सकते हैं पर वह उससे करीब 30 रन बना पाये। इससे साफ है कि गेंदबाजों ने अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभाई। हम उनको उम्मीद से करीब 30 रन कम पर रोकने में सफल रहे। 200 से कम का स्कोर हम हासिल कर सकते थे। इस मैच में सीएसके की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए संभल नहीं पायी। बीच-बीच में विकेट गिरने से टीम की रन गति पर अंकुश लगा रहा। इस कारण उसे अंतिम ओवरों में जीत के लिए काफी रन बनाने थे। सीएसके की टीम 8 विकेट पर 184 रन ही बन पायी।

सीएसके के कप्तान ने कहा कि पारी के बीच में ही रनगति कम होने से मैच हमारे हाथ से निकल गया। उन्होंने कहा, अंतिम 10 ओवर में 80 रन चाहिए थे। वहां से दो-तीन साझेदारियां बनती तो टीम जीत के करीब पहुंचती पर ऐसा नहीं हुआ। पिछले तीन मैचों से गेंदबाजी यूनिट ने अच्छा प्रदर्शन किया है। आज भी पावरप्ले में सनराइजर्स के अभिषेक ने अच्छी बल्लेबाजी की पर हमारे गेंदबाजों ने उसे खुलकर खेलने नहीं दिया। उन्होंने विशेष रुप से अंकुल कम्बोज की गेंदबाजी को सराहा।

## आयुष म्हात्रे को चोट के बाद भी बल्लेबाजी के लिए उतारा जाना गलत - अश्विन

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को चोट के बाद भी बल्लेबाजी के लिए भेजने पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम प्रबंधन को आड़े हाथों लिया है। अश्विन के अनुसार सीएसके टीम इस प्रकार खिलाड़ियों की फिटनेस से खेल रही है। अश्विन ने ये बात बल्लेबाज आयुष को फिट नहीं होने के बाद भी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में बल्लेबाज के लिए भेजने को लेकर उठायी। अश्विन के अनुसार आयुष को खड़े रहने में परेशानी हो रही थी फिर भी टीम प्रबंधन ने उन्हें खेलने के लिए भेजा। इस प्रकार किसी खिलाड़ी की फिटने को खतरे में डालना बेहद नुकसानदेह है। चोटिल खिलाड़ी को कोच और कप्तान बाहर बुला सकते थे पर ऐसा नहीं किया गया।

इससे अश्विन बेहद नाराज दिखे। उन्होंने कहा कि हैरानी की बात है कि म्हात्रे भारी नी स्ट्रैप पहनकर बल्लेबाजी करने उतरे थे। पिछले कुछ मैचों में उन्हें कार्यभार प्रबंधन के तहत इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतारा गया था। पावरप्ले के दौरान ही वह विकेटों के बीच दौड़ते समय पर लंगड़ाते दिखे। फिजियो ने मैदान पर आकर उनका इलाज किया, पर उन्हें बल्लेबाजी जारी को कहा गया। .




स्थिति तब और बिगड़ गई जब कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने उन्हें एक रन लेने को कहा। ऐसे में म्हात्रे दौड़ने के समय दर्द में दिखे। वह किस प्रकार रनआउट होने से बचे। अगली ही गेंद पर वह शॉट खेलने के प्रयास में आउट हो गये। आयुष ने 17 गेंद पर 30 रन बनाये।

इसी को लेकर पूर्व स्पिनर ने सीएसके प्रबंधन पर निशाना साधा। साथ ही कहा 卐आयुष म्हात्रे की चोट कैसी है मुझे नहीं पता पर उम्मीद है कि वह जल्द मैदान पर फिट होकर लौटेंगे। जिस प्रकार व मैदान पर लंगड़ाते दिखे उससे मुझे डर है कि वह कुछ समय के लिए बाहर भी हो सकते हैं. जब वह बल्लेबाजी करने आए, तो उनके घुटने पर पट्टी बंधी थ। पिछले 2-3 मैचों से वह इम्पैक्ट सब के तौर पर खेल रहे हैं, लोग पूछ रहे हैं, 'वह इम्पैक्ट प्लेयर क्यों हैं? क्या वह अच्छे फील्डर नहीं हैं?' उनकी चोट चिंता का विषय रही है।

'उन्हें रिटायर्ड हर्ट कर देना चाहिए था'

अश्विन ने मेडिकल टीम के इस युवा बल्लेबाज को खिंचाव होने की बात कहने पर भी सवाल उठाए। 卐यह खिंचाव नहीं हो सकता, क्योंकि उन्होंने फील्डिंग ही नहीं की थी। अगर फील्डिंग न करने के बावजूद क्रैम्प आ गया, तो उनकी हाइड्रेशन देखनी होगी। चलिए मान लेते हैं कि यह चोट थी। फिजियो आकर देख चुके थे, वह बुरी तरह लंगड़ा रहे थे, फिर भी उन्हें एक और गेंद खेलने और विकेटों के बीच दौड़ने के लिए कहा गया जबकि उन्हें रिटायर्ड हर्ट कर दिया जाना चाहिये था।

## आईपीएल 2026 : महंगा दांव लगाने के बावजूद फ्लॉप रहे ये विदेशी खिलाड़ी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग हर साल दुनिया भर के क्रिकेटरों के लिए एक बड़ा मंच साबित होती है, जहाँ वे न केवल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं, बल्कि मोटी कमाई भी करते हैं। मिनी ऑक्शन के दौरान टीमें विदेशी खिलाड़ियों पर बड़ा दांव खेलती हैं, क्योंकि वे मैच का पासा पलटने की क्षमता रखते हैं। हालांकि, हर बार यह दांव सफल नहीं होता। आईपीएल 2026 में भी कुछ ऐसे विदेशी खिलाड़ी रहे हैं, जिन पर उनकी फ्रैंचाइजी ने करोड़ों रुपये खर्च किए, लेकिन वे मैदान पर अपनी कीमत के अनुरूप प्रदर्शन करने में बुरी तरह विफल साबित हुए। आइए देखते हैं आईपीएल 2026 में अब तक के सबसे फ्लॉप विदेशी खिलाड़ियों की सूची।

इस सूची में सबसे ऊपर ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन का नाम है। कोलकाता नाइट राइडर्स ने नीलामी में कैमरून ग्रीन के लिए 25.20 करोड़ रुपये की अविश्वसनीय बोली लगाकर उन्हें अपनी टीम में शामिल किया था। यह रकम उनके ऑलराउंड प्रदर्शन, खासकर तेज गेंदबाजी और शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी में उनकी क्षमता को देखते हुए खर्च की गई थी। हालांकि, ग्रीन का प्रभाव केकेआर के लिए लगभग नगण्य रहा है। वे न तो बल्ले से अपेक्षित रन बना पाए और न ही अपनी गेंदबाजी से विकेट निकाल पाए, जिससे टीम को भारी नुकसान हुआ। इतनी बड़ी रकम खर्च करने के बाद उनसे मैच जिताऊ प्रदर्शन की उम्मीद थी, लेकिन वे पूरी तरह से फ्लॉप रहे हैं, जिससे फ्रैंचाइजी को भारी निराशा हुई है।

दूसरे नंबर पर लखनऊ सुपर जायंट्स के स्टार खिलाड़ी निकोलस पूरन हैं। वेस्टइंडीज के इस विस्फोटक बल्लेबाज को लखनऊ ने 21 करोड़ रुपये की बड़ी रकम पर रिटेन किया था। पूरन अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी और बड़े शॉट्स लगाने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं, खासकर डेथ ओवरों में। लेकिन इस सीजन में उनका प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। बार-बार बैटिंग ऑर्डर में बदलाव और दबाव के चलते पूरन अब तक खेले गए 5 मैचों में सिर्फ 42 रन ही बना पाए हैं। उनसे उम्मीद की जाती थी कि वे मध्यक्रम में स्थिरता प्रदान करेंगे और तेजी से रन बटोरेंगे, लेकिन वे टीम की उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए हैं।

इंग्लैंड के विस्फोटक बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन भी आईपीएल 2026 में अपनी छाप छोड़ने में असफल रहे हैं। अपनी पावर-हिटिंग और लेग-स्पिन गेंदबाजी के लिए मशहूर लिविंगस्टोन को सनराइजर्स हैदराबाद ने 13 करोड़ रुपये की मोटी रकम पर खरीदा था। हालांकि, इस सीजन में उनकी हालत यह रही कि उन्हें सिर्फ एक मैच में खेलने का मौका मिला, जिसमें उन्होंने मात्र 14 रन बनाए। एक ऐसे खिलाड़ी पर इतनी बड़ी रकम खर्च करने के बावजूद अगर वह टीम की प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं बना पा रहा है या मौका मिलने पर प्रदर्शन नहीं कर पा रहा है, तो यह फ्रैंचाइजी के लिए चिंता का विषय है। गुजरात टाइटंस के उप-कप्तान और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ लेग-स्पिनरों में से एक राशिद खान भी इस सीजन में अपने नाम और प्रतिष्ठा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। गुजरात ने उन्हें 18 करोड़ रुपये की भारी रकम पर रिटेन किया था, क्योंकि वे गेंद और बल्ले दोनों से मैच जिताने की क्षमता रखते हैं। हालांकि, इस सीजन में उनके प्रदर्शन पर नजर डालें तो वे चार मैचों में गेंदबाजी में सिर्फ 5 विकेट ही ले पाए हैं और बल्लेबाजी में उनके नाम सिर्फ 24 रन दर्ज हैं। राशिद के मानकों के हिसाब से यह प्रदर्शन काफी औसत है, और उनसे हमेशा उम्मीद की जाती है कि वे लगातार विकेट निकालेंगे और निचले क्रम में महत्वपूर्ण रन बनाएंगे, जिसमें वे इस सीजन में थोड़े पिछड़ते नजर आ रहे हैं।

दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल रहे दक्षिण अफ्रीका के युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स भी आईपीएल 2026 में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पा रहे हैं। स्टब्स को दिल्ली कैपिटल्स ने 10 करोड़ रुपये की बड़ी रकम पर रिटेन किया था, ताकि वे टीम के लिए फिनिशर की भूमिका निभा सकें और अंत के ओवरों में तेजी से रन बना सकें। लेकिन इस सीजन में स्टब्स अब तक 4 मैचों में सिर्फ 109 रन ही बना पाए हैं। एक फिनिशर के तौर पर उनसे उम्मीद की जाती है कि वे हर मैच में प्रभावशाली कैमियो खेलेंगे, लेकिन वे ऐसा करने में विफल रहे हैं, जिससे दिल्ली की मध्यक्रम की बल्लेबाजी और मजबूत फिनिश की कमी महसूस की जा रही है। यह सूची दर्शाती है कि आईपीएल कितना अप्रत्याशित है, जहाँ बड़े नामों और महंगी कीमतों के बावजूद प्रदर्शन की गारंटी नहीं होती।

## श्रेयस अय्यर को टी20 टीम में जगह न मिलना भारत का नुकसान होगा- रविचंद्रन अश्विन

नई दिल्ली । टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने चयन समिति को एक स्पष्ट संदेश भेजा है, जिसमें उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर श्रेयस अय्यर को भारत की टी20 टीम में शामिल नहीं किया जाता है तो यह देश का बड़ा नुकसान होगा। अय्यर ने भारत के लिए आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था और उसके बाद से उन्हें इस फॉर्मेट में नजरअंदाज किया जा रहा है। यहां तक कि टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ उन्हें तिलक वर्मा के रिप्लेसमेंट के तौर पर चुना गया था, लेकिन प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला।

आईपीएल में लगातार दमदार प्रदर्शन कर रहे श्रेयस अय्यर की वकालत अश्विन ने एक बार फिर की है, साथ ही उन्हें लीडरशिप रोल के लिए भी उपयुक्त बताया है। अय्यर ने 2024 में केकेआर को चैंपियन बनाया था और पिछले साल पंजाब को फाइनल तक पहुंचाया था, जबकि इस साल भी उनकी टीम अभी तक अजेय है। अश्विन का यह बयान मुंबई इंडियंस के खिलाफ अय्यर की 35 गेंदों में 66 रनों की कहर बरपाती पारी के बाद आया है, जिसमें उन्होंने जसप्रीत बुमराह के खिलाफ जबरदस्त बल्लेबाजी की। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, उन्हें किसी को जवाब क्यों देना चाहिए? अपने अंदर की आग को बाहर निकालकर, श्रेयस ने सबको दिखा दिया है कि बेहतरीन होना कैसा होता है। उन्होंने आगे कहा कि लोग लगातार सवाल उठाते थे कि वह शॉर्ट बॉल नहीं खेल पाते, लेकिन देखिए उन्होंने जसप्रीत बुमराह को कैसे जवाब दिया, एक शॉर्ट बॉल को फ्रंट प्रेस से मिड-विकेट के ऊपर से छक्का मारकर भेज दिया।

अश्विन ने बताया कि उस समय वह ऑन एयर थे और यह सच में अविश्वसनीय था। उन्होंने कहा कि अय्यर ने चेन्नई के खिलाफ चेपॉक में अपने पहले ही गेम में ऐसा ही शॉट खेला था, जो उनका यह कहने का तरीका है कि तुम चाहते हो कि मैं साबित करूं कि मैं शॉर्ट बॉल खेल सकता हूं? नहीं, मैं तुम्हें कुछ साबित नहीं करूंगा। इसके बजाय, वह खुद को दिखा रहे हैं कि वह कितना काबिल हो सकते हैं और कितना अच्छा करने के लिए मेहनत कर सकते हैं। अश्विन ने कहा कि उनके जैसे क्रिकेटरों को देखकर उन्हें प्रेरणा मिलती है, क्योंकि उन्होंने पूरी जिंदगी खुद से यही कहा है: किसी को जवाब मत दो; बस आगे बढ़ते रहो।

अश्विन ने राष्ट्रीय टी20 टीम में अय्यर की वापसी की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि अगर वह टीम से बाहर रहते हैं और उन्हें लीडरशिप रोल नहीं दिया जाता है, तो नुकसान देश का होगा, खिलाड़ी का नहीं। अश्विन ने कहा कि उनकी रेंज और उनके लीवर्स जबरदस्त हैं; वह शॉट के जरिए गेंद को दूर तक भेजते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि श्रेयस अय्यर को नजरअंदाज करना अपने लिए ही खतरा है। अगर वह टीम में नहीं हैं या लीडरशिप ग्रुप का हिस्सा नहीं हैं, तो नुकसान उनका नहीं, हमारा होगा।

# आईपीएल में सबसे ज्यादा जर्सी बदलने वाले खिलाड़ी : एक विस्तृत विश्लेषण

नई दिल्ली (ईएमएस)। इंडियन प्रीमियर लीग, अपनी चकाचौंध, प्रतिस्पर्धा और अप्रत्याशितता के लिए जानी जाती है, जहाँ खिलाड़ी हर साल अपने कौशल और फॉर्म के दम पर टीमों में जगह बनाते हैं। कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने अपने पूरे करियर में एक ही टीम का प्रतिनिधित्व किया, जैसे विराट कोहली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए और कीरोन पोलार्ड मुंबई इंडियंस के लिए। ये निष्ठा और स्थायित्व के प्रतीक बन गए। हालांकि, आईपीएल में एक दूसरा पहलू भी है, जहाँ खिलाड़ियों को लगातार नई टीमों के साथ जुड़ने का अवसर मिलता है या उन्हें फ्रैंचाइजी द्वारा रिलीज कर दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप वे कई अलग-अलग जर्सी में खेलते हुए नजर आते हैं। यह लेख ऐसे शीर्ष पांच खिलाड़ियों पर प्रकाश डालता है, जिनके नाम आईपीएल में सबसे ज्यादा टीमों के लिए खेलने का अनोखा रिकॉर्ड दर्ज है। इस सूची में सबसे पहला नाम ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और विस्फोटक सलामी बल्लेबाज एरोन फिंच का है। फिंच की आक्रामक बल्लेबाजी शैली उन्हें हर फ्रैंचाइजी के लिए एक मूल्यवान संपत्ति बनाती थी, लेकिन अजीब बात यह है कि उन्हें किसी भी एक टीम में लंबा समय बिताने का मौका नहीं मिला। अपने आईपीएल करियर में फिंच ने कुल 9 टीमों के लिए मैदान पर कदम रखा, जो एक अद्वितीय रिकॉर्ड है। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स, दिल्ली कैपिटल्स (तत्कालीन डेयरडेविल्स), पुणे वॉरियर्स इंडिया, सनराइजर्स हैदराबाद, मुंबई इंडियंस, गुजरात लायंस, पंजाब किंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स जैसी टीमों के लिए खेला। हर नीलामी में उन पर दांव लगाया गया, लेकिन टीम की रणनीति, उनके फॉर्म या चोट के कारण उन्हें बार-बार टीम बदलनी पड़ी।




दूसरे स्थान पर भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट का नाम आता है। अपनी विविधता भरी गेंदबाजी और धीमी गेंदों के लिए मशहूर उनादकट भी आईपीएल नीलामी में हमेशा आकर्षण का केंद्र रहे हैं। आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद का प्रतिनिधित्व कर रहे उनादकट अब तक 8 अलग-अलग टीमों के लिए खेल चुके हैं। उनकी यात्रा कोलकाता नाइट राइडर्स से शुरू हुई और फिर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, दिल्ली कैपिटल्स, राइजिंग पुणे सुपरजायंट, राजस्थान रॉयल्स, मुंबई इंडियंस, लखनऊ सुपर जायंट्स होते हुए सनराइजर्स हैदराबाद तक पहुंची है। उन्हें कई बार मोटी रकम में खरीदा गया, लेकिन वे लगातार अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाए, जिसके चलते उन्हें हर सीजन में नई टीम की तलाश करनी पड़ी।

भारतीय टीम के सबसे फिट खिलाड़ियों में से एक और आईपीएल में शतक लगाने वाले पहले भारतीय मनीष पांडे इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। मध्यक्रम के भरोसेमंद बल्लेबाज मनीष पांडे अब तक 7 आईपीएल टीमों के लिए खेल चुके हैं। उनकी आईपीएल यात्रा मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से शुरू हुई, जिसके बाद वे पुणे वॉरियर्स इंडिया, कोलकाता नाइट राइडर्स, सनराइजर्स हैदराबाद, लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स जैसी टीमों का हिस्सा बने। पांडे अपनी ठोस बल्लेबाजी और शानदार फील्डिंग के लिए जाने जाते हैं, लेकिन आईपीएल नीलामी की बदलती गतिशीलता और टीमों की रणनीतियों के चलते उन्हें भी लगातार अपनी जर्सी बदलनी पड़ी।

भारतीय तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। लंबे कद के इस अनुभवी गेंदबाज ने टेस्ट क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व किया है, लेकिन आईपीएल में उन्हें भी कई टीमों के लिए खेलने का अनुभव रहा है। आईपीएल 2026 में गुजरात टाइटंस का हिस्सा ईशांत अब तक 7 टीमों के लिए खेल चुके हैं। उनकी टीमों में कोलकाता नाइट राइडर्स, डेक्कन चार्जर्स, सनराइजर्स हैदराबाद, राइजिंग पुणे सुपरजायंट, किंग्स इलेवन पंजाब, दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस शामिल हैं। ईशांत की गति और अनुभव हमेशा टीमों के लिए महत्वपूर्ण रहे हैं, लेकिन टी20 प्रारूप में उनकी अनुकूलता ने उन्हें कई बार टीम बदलने के लिए प्रेरित किया।

इस सूची में पांचवां नाम भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर का है, जिन्हें अक्सर लॉर्ड शार्दुल के नाम से जाना जाता है। अपनी तेज गेंदबाजी और निचले क्रम में उपयोगी बल्लेबाजी के लिए मशहूर शार्दुल भी अब तक 7 आईपीएल टीमों के लिए खेल चुके हैं। आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के साथ जुड़े शार्दुल ने किंग्स इलेवन पंजाब, राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स, चेन्नई सुपर किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस जैसी टीमों के लिए मैदान पर अपना जलवा दिखाया है। शार्दुल की विकेट लेने की क्षमता और मुश्किल परिस्थितियों में रन बनाने की खूबी ने उन्हें हमेशा नीलामी में एक मांग वाला खिलाड़ी बनाया है, बावजूद इसके उन्हें एक टीम में स्थिरता नहीं मिल पाई। इन खिलाड़ियों की लंबी यात्रा आईपीएल की व्यावसायिक और प्रतिस्पर्धी प्रकृति को दर्शाती है। जहां कुछ खिलाड़ी एक टीम के साथ जुड़कर अपना करियर बिताते हैं, वहीं ये खिलाड़ी लगातार नई चुनौतियों और नई टीम परिवेशों का सामना करते रहे हैं, जो उनकी अनुकूलन क्षमता और खेल के प्रति समर्पण को भी दर्शाता है। यह दिखाता है कि आईपीएल में प्रदर्शन, नीलामी और टीम संतुलन किस तरह खिलाड़ियों के करियर को आकार देते हैं।

दक्षिण सतपुड़ा
राजनीति | समाज | देशकाल
और गांव कनेक्शन की खबरें

# पदमेश न्यूज़
शहर । समाज । गांव



बालाघाट एक्सप्रेस

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### एक व्यक्ति से उसके बड़े भाई ने की मारपीट दी-जान से मारने की धमकी

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। मलाजखंड थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम लोरा में एक व्यक्ति को उसके बड़े भाई ने कुल्हाड़ी के बेसे से मारपीट कर दिया और उसे जान से मार डालने की धमकी दे दी। यह घटना घरेलू विवाद के चलते हुई। मलाजखंड पुलिस ने इस मामले में संतलाल पिता अमरलाल उइके के विरुद्ध मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की आरोप में अपराध दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवचंद उइके दो भाई है। बड़ा भाई संतलाल उइके है। दोनों भाई की शादी हो चुकी है और दोनों अपने-अपने परिवार के साथ अलग-अलग मकान में रहते हैं और दोनों भाई के बीच घरेलू विवाद चल रहा है। शिवचंद एच सी एल कंपनी मलाजखंड में में काम करता है। 19 अप्रैल को सुबह 11:00 बजे शिवचंद अपने घर में था तभी उसका बड़ा भाई संतलाल घर के सामने खड़ा होकर उसे बोलने लगा कि एच सी एल में नौकरी लग गई है और हमारे तरफ ध्यान नहीं देता यह कहने के साथ ही संतलाल अपने छोटे भाई शिवचंद को गालियां देने लगा, उसे गाली देने से मना किया तभी संतलाल ने कुल्हाड़ी के बेसे से शिवचंद को मारपीर करने लगा। जिसके चिल्लाने पर मोहल्ले पड़ोस के लोग दौड़े और बीच बचाव किये। इसके बाद संतलाल उसे जान से मार डालने की धमकी देते हुए चला गया। संतलाल द्वारा की गई मारपीट में शिवचंद को चोटे आई थी। इसके बाद वह रिपोर्ट करने मलाजखंड पुलिस थाना पहुंचा। मलाजखंड पुलिस ने शिवचंद द्वारा की गई रिपोर्ट पर उसके बड़े भाई संतलाल के विरुद्ध मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज किया है और विवेचना की जा रही है।

### एक महिला को उसके रिश्ते के देवर ने मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। खैरलांजी थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम चिचटोला में एक महिला को उसके रिश्ते के देवर ने मारपीट कर घायल कर दिया। यह घटना घरेलू विवाद के चलते हुई।खैरलांजी पुलिस ने इस मामले में राजेश नगपुरे के विरुद्ध मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्याम कला नगपुरे अपने पति दीपक नगपुरे के साथ खेती किसानी के अलावा घरेलू काम करती है। 19 अप्रैल को सुबह श्याम कला अपनी बेटी उर्वशी जो कि विकलांग है उसके साथ घर में थी और पति खेत चला गया था 8:30 बजे करीब जब श्यामकला घर के अंदर घरेलू काम कर रही थी। तभी उसे घर के सामने जोर-जोर से चिल्लाने की आवाज आई। श्याम कला ने बाहर निकल कर देखी तो घर के सामने उसकी काकी सास का लड़का राजेश नगपुरे शराब के नशे में गालियां दे रहा था। श्याम कला ने उसे बोली की गाली क्यों दे रहा है तो उसने बोला कि मेरी मां की शिकायत नल वाले से क्यों की थी यह कहने के साथ ही राजेश नगपुरे श्यामकला को हाथ भुक्को से मारपीट करने लगा श्याम कला के चिल्लाने पर उसका देवर कनस नगपुरे और भोजराम लिल्हारे बीच बचाव करने आए इसके बाद राजेश नगपुरे अगली बार मां की शिकायत करने पर जान से मार डालने की धमकी देकर वहा से चला गया। जिसके द्वारा मारपीट करने से श्यामकला के शरीर में छोटे आई थी। पति के खेत से घर आने के बाद वह रिपोर्ट लिखवाने खैरलांजी पुलिस थाना पहुंची। खैरलांजी पुलिस ने अपने यहां के अस्पताल में श्यामकला का मुलाहिजा करवाई और उसके द्वारा की गई रिपोर्ट पर राजेश नगपुरेके विरुद्ध अश्लील गालियां मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज किया है और विवेचना की जा रही है।

## तीसरे दिन भी जारी रही आयकर विभाग की कार्यवाही

# करीब 80 लोगो को नोटस भेजने की कही जा रही बात

### जमीन कारोबार पर आयकर का शिकंजा,बेनामी सौदों की परतें खुलने लगीं : बिल्डर, व्यापारी और दलालों की भूमिका पर उठे सवाल : कार्यवाही पूरी पर मीडिया को नही दी गई जानकारी

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिले में जमीन खरीदी-बिक्री और बेनामी संपत्तियों के मामलों में आयकर विभाग की कार्रवाई ने हलचल मचा दी है। भले ही विभाग ने आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा हो, लेकिन इस कार्रवाई से जुड़े कई नाम अब पर्दे के पीछे से सामने आने लगे हैं।जमीन खरीद-फरोख्त से जुड़े बेनामी संपत्ति के इस मामले में आयकर विभाग टीम की जांच रविवार को तीसरे दिन भी जारी है। स्टेशन रोड स्थित जिला आयकर कार्यालय में जबलपुर और भोपाल से पहुंचे आयकर अधिकारी जमे रहे। बताया गया कि इस जांच में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी भी शामिल हैं। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

#### रविवार दोपहर तक चली कार्यवाही

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले में जमीन लेन-देन में गड़बड़ियों की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद आयकर विभाग ने सख्त कदम उठाए हैं। इसी क्रम में वारासिवनी थाना क्षेत्र के ग्राम तुमाड़ी में आदिवासी संयुक्त समाज संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष गणेश कुमरे के निवास पर छापामार कार्रवाई की गई है।इस कार्रवाई में भोपाल और जबलपुर से आई संयुक्त टीम पिछले 3 दिनों तक दस्तावेजों की गहन जांच में जुटी रही। हालांकि, विभाग ने अब तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि संबंधित व्यक्ति के पास कितनी संपत्ति है और आय के स्रोत क्या हैं।जानकारी के अनुसार, ये जांच रविवार को दोपहर 02 बजे तक चली। हालांकि, रविवार को भी विभागीय अधिकारियों ने मीडिया से दूरी बनाए रखी। जिससे जांच संबंधी जानकारी व अन्य तथ्य अब तक सामने नहीं आ सके हैं। आयकर विभाग के कार्यालय के मेन गेट पर ताला लगा दिया गया है।लेकिन कुमरे के अलावा अन्य लोगो को आयकर से सम्बधित नोटिस जारी करने की बात सामने आई है।

#### आदिवासियों की जमीन कम दामो में खरीदकर, सामान्य में करते थे ट्रांसफर

हालांकि अभी तक कि गई जांच में कहा कहा कितनी गड़बड़िया पाई गई फिलहाल विभागीय टीम द्वारा खुलासा नही किया गया है लेकिन सूत्रों की मानें तो जिले में आदिवासी जमीनों की खरीद-फरोख्त को लेकर एक संगठित नेटवर्क सक्रिय है। आरोप है कि आदिवासी वर्ग की जमीनों को कम कीमत पर खरीदकर बाद में नामांतरण के जरिए सामान्य वर्ग में ट्रांसफर कर दिया जाता है और फिर उसे ऊंचे दामों में बेचकर भारी मुनाफा कमाया जाता है।

#### करीब 80 लोगो को नोटिस भेजकर, मांगा हिसाब

हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नही हो सका कि मामला क्या है, और जांच में कहा कहा कितनी जगह गड़बड़िया मिली है।वही यह भी स्पष्ट नही हो सका कि कितने का टैक्स जमा नही किया गया है।लेकिन सूत्रों की मानें, तो मामले में अधिकारियों ने लगभग 80 लोगों को नोटिस देकर जवाब मांगा है। इनमें प्रापर्टी ब्रोकर से लेकर जिले के राजनेताओं के नाम भी शामिल हैं। गौरतलब है कि ये पूरा मामला वारासिवनी निवासी आदिवासी समाज के गणेश नामक व्यक्ति के नाम पर करोड़ों रुपयों की जमीन की खरीफ-फरोख्त से जुड़ा है। इसमें जिले के कई राजनेताओं की संलिप्तता बताई जा रही है।




#### संगठित नेटवर्क सक्रिय होने की कही जा रही बात

बताया जा रहा है कि इस पूरे खेल में कुछ नेता, बिल्डर, व्यापारी और जमीन दलाल भी अप्रत्यक्ष रूप से शामिल हैं, जो कथित रूप से स्थानीय लोगों के नाम पर जमीन खरीदकर बाद में सौदेबाजी करते हैं।

शनिवार रात आयकर कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में जमीन कारोबार से जुड़े लोगों की मौजूदगी भी इस बात की ओर इशारा करती है कि कार्रवाई की आंच अब कई अन्य लोगों तक पहुंच सकती है।हालांकि, आयकर विभाग ने अभी तक आधिकारिक तौर पर कोई विस्तृत जानकारी साझा नहीं की है, लेकिन माना जा रहा है कि जांच पूरी होने के बाद इस मामले में बड़े खुलासे हो सकते हैं।

#### बड़ा खुलासा होने की कही जा रही बात

सूत्रों के अनुसार, यह बड़ा और सनसनी मामला है, जिसकी पूरी जांच के बाद सामने लाया जा सकता है। इसमें जिले के प्रापर्टी ब्रोकरों ने भी मोटी रकम लगाई है। करोड़ों की संपत्ति के लेनदेन को संदिग्ध मानते हुए जांच टीम तीन दिनों से बालाघाट में डेरा डाले हुईं थी। रविवार को भी गणेश और उससे जुड़े प्रापर्टी ब्रोकरों के साथ टीम ने आयकर विभाग के बंद कमरे में पूछताछ की। बताया गया कि मामला बेनामी संपत्ति का है, जिसमें आयकर विभाग को गणेश के पास से बहुत ज्यादा संपत्ति होने की जानकारी मिली है। टीम, गणेश और संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों की जांच के साथ प्रापर्टी ब्रोकरों से भी पूछताछ कर रही है।

#### अधिकारियों ने बनाई रखी मीडिया से दूरी

इस पूरे मामले को लेकर छापामार कार्यवाही के लिए भोपाल और जबलपुर से आई आयकर विभाग की टीमें ,जमीन की खरीदी बिक्री से सम्बधित दस्तावेज लगातार खंगालते रही।वही गणेश कुमरे के साथियों का रिकार्ड सहित पैसो के लेनदेन को लेकर जांच लगातार करती रही।इस बीच पिछले 2 दिनों से आयकर विभाग कार्यालय में नगर के कई व्यापारियों, व्यक्तियों व चार्टेट अकांटेंट को चक्कर काटते देखा गया।लेकिन इस मामले को लेकर कोई भी कुछ बताने तैयार नही है।वही कार्यवाही के लिए बालाघाट पहुची आयकर विभाग की दोनो टीमो ने भी मीडिया से दूरी बनाए रखी।

### गांजा पीने रुपए नहीं देने पर एक व्यक्ति से मोटरसाइकिल में सवार तीन युवकों ने की मारपीट

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। कोतवाली क्षेत्र में आने वाले गोंदिया रोड़ सरेखा रेलवे ओवर ब्रिज के ऊपर एक व्यक्ति ने गांजा पीने पैसे नहीं देने पर मोटरसाइकिल सवार तीन युवक के विरुद्ध मारपीट करने का आरोप लगाया। यह घटना 18 अप्रैल की रात्रि 8:00 बजे करीब हुई। मारपीट में घायल व्यक्ति अजय उर्फ युगल किशोर ब्रम्हे में 39 वर्ष वार्ड नंबर 28 सरस्वती नगर बालाघाट निवासी है।जिसका इलाज जिला अस्पताल में किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय मजदूरी करता है। 18 अप्रैल की रात 8:00 बजे करीब अजय सरेखा चौक से पैदल सरस्वती नगर अपने घर आ रहा था। तभी सरेखा रेलवे ओवर ब्रिज के ऊपर शिव, लक्ष्य सहित तीन युवक मोटरसाइकिल से आए और अजय से गांजा पीने के लिए रुपए की मांग करने लगे। अजय ने उन्हें बोला कि रुपए नहीं है। तब तीनों युवकों ने अजय का जेब चेक किये। जेब में रुपए नहीं मिलने पर तीनों अजय को मारपीट कर फरार हो गये। मारपीट में घायल अजय रिपोर्ट करने के लिए कोतवाली। जहा से उसे पहले अपना इलाज करवाने के लिए बोले। अजय ने जिला अस्पताल पहुंचकर जहा अपना इलाज करवाया वहीं जिला अस्पताल पुलिस ने इस व्यक्ति का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु थाना कोतवाली बालाघाट भिजवा दी है।

### इंस्टाग्राम पर महिला की फोटो से छेड़छाड़ कर अश्लील पोस्ट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर महिला की छवि धूमिल करने वाले आरोपी को हट्टा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी इंस्टाग्राम आईडी के माध्यम से महिला की फोटो पोस्ट कर उस पर अश्लील, आपत्तिजनक एवं अपमानजनक शब्द लिखकर उसे बदनाम करने का प्रयास कर रहा था। गिरफ्तार आरोपी राज तुरकर ग्राम उमरी काटी थाना रावनवाड़ी जिला गोंदिया महाराष्ट्र निवासी है। जिसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है।



हट्टा पुलिस के मुताबिक 18 अप्रैल 2026 को पीड़िता के पति ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी राज द्वारा इंस्टाग्राम पर महिला की फोटो पोस्ट कर उसे रिश्तेदारों एवं परिचितों तक पहुंचाया जा रहा था तथा स्टेटस और हाइलाइट्स के माध्यम से अशोभनीय सामग्री प्रसारित की जा रही थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अपराध क्रमांक 39/2026 के तहत आईटी एक्ट की धारा 67 एवं बीएनएस की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने थाना प्रभारी उप निरीक्षक अविनाश सिंह राठौड़ के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए आरोपी। राज को महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के ग्राम उमरी काटी से गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से मोबाइल फोन जप्त किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी को 19 अप्रैल को न्यायालय बालाघाट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल बालाघाट भेज दिया गया।

#### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी रजेगांव निरीक्षक कौशल सूर्या, थाना प्रभारी हट्टा अविनाश सिह राठौड़ प्रधान आरक्षक द्वारिकानारायण दुबे, प्रधान आरक्षक राजेश पटले, आरक्षक विष्णु प्रताप, आरक्षक राकेश पंचेश्वर एवं महिला आरक्षक कविता खोब्रागढ़े का सराहनीय योगदान रहा।

#### हट्टा पुलिस की अपील

हट्टा पुलिस द्वारा आम नागरिकों से अपील की है कि सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें। किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक या अवैध गतिविधि पाए जाने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

AICTE भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV & DTE भोपाल से सम्बध्द
सतपुड़ा कॉलेज ऑफ
इंजीनियरिंग एण्ड पॉलिटेक्निक
बी.टेक. पॉलिटेक्निक
JOB SAHi
• कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
• माईनिंग इंजीनियरिंग
• सिविल इंजीनियरिंग
• मैकेनिकल इंजीनियरिंग
• इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
ADMISSION OPEN
नई शिक्षा नीति के तहत किसी भी ब्रांच से डिप्लोमा उत्तीर्ण छात्रों का Lateral Entry द्वारा बी.टेक. के द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, गर्रा-बालाघाट
6262604111, 9425836824 www.satpudaengineeringcollege.com

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित,
प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा, मो.नं. :9425138710, , ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. MPHIN/2009/32311, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट